तापमान

अधिकतम 32.8 डिग्री

न्यूनतम 23.4 डिग्री

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, बुधवार, 16 अक्टूबर 2024


11 स्वच्छ भारत मिशन योजना की स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम में दिलाई गई शपथ



11 शीतला मंदिर जीर्णोद्धार के लिए हुआ भूमिपूजन










## खबर संक्षेप

### पुलिस कर्मियों को प्रमोशन का तोहफा मिला

भिलाई। दीपावली के पूर्व दुर्ग रेंज के पुलिस कर्मियों का प्रमोशन किया गया। जिसमें जिले के 37, बालोद से 6 और बेमेतरा जिले के 3 प्रधान आरक्षकों को प्रमोशन देकर सहायक उप निरीक्षक बनाया गया। आईजी राम गोपाल गर्ग ने इन प्रमोशनों को स्वीकृति प्रदान करते हुए आदेश जारी किया। प्रमोशन प्रक्रिया के तहत दुर्ग जिले में 11, बालोद में 23 और बेमेतरा के 12 रिक्त पदों पर पुलिस कर्मियों की पोस्टिंग की गई है। पी पी कोर्स करने के बाद सहायक उप निरीक्षक के पद से पदोन्नति कर पदस्थ किये जाएंगे। प्रमोशन से पुलिस कर्मियों के मनोबल में वृद्धि होगी। उन्हें अपने कार्य को अधिक उत्साह व समर्पण के साथ करने की प्रेरणा मिलेगी। आईजी गर्ग ने सभी पदोन्नत सहायक उप निरीक्षकों को शुभकामनाएं दी। इस कदम से दुर्ग रेंज में पुलिस बल की क्षमता में सुधार होगा। जिससे नागरिकों की सुरक्षा और सेवाओं में और भी प्रभावी बदलाव देखने को मिलेगा।

### युवक पर कटर से हमला, अपराध दर्ज

**भिलाई।** आधी रात युवक पर कटर से हमला करने वाले आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि बीती रात पांच रास्ता में राजेन्द्र अपने घर के पास बैठा था। उसी समय दिलीप टंडन और गुड्डू नामक युवक पहुंचे और मारपीट करने लगे। दोनों ने कटर से राजेन्द्र पर हमला कर फरार हो गए। घटना से युवक घायल हो गया। जिसे अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

### 6 जुआरी पकड़ाए



**भिलाई।** जुआ खेल रहे 6 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जुआरियों के खिलाफ पुलिस ने जुआ एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है।सुपेला पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर गणेश चौक के पास कृष्णा नगर स्ट्रीट लाईट के नीचे हारजीत का दांव लग रहा था। जहां दबिश देकर जुआ खेल रहे पकडा गया। पुलिस ने जुआरियों में रजत पाण्डेय, दिलेश्वर साहू, राजु कुमार, मो. अयान महेश कुमार मनोज विश्वकर्मा के पास से कुल 3930 रूपये और ताश पत्ती जब्त किया है।

## रिसाली निगम की राजनीति में नया बखेड़ा, पूर्व गृहमंत्री से नहीं हुई रायशुमारी

# जिसने निगम व महापौर बनाया, उसे ही पता नहीं चला एमआईसी का फेरबदल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रिसाली निगम की राजनीति में नया बखेड़ा खड़ा हो गया। पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने रिसाली निगम गठन किया। महापौर भी उन्होंने बनाया लेकिन हैरत की बात यह है कि एमआईसी में फेरबदल की जानकारी उन्हें पहले नहीं दी गई। नतीजा उनके करीबी चार एमआईसी मेंबर को महापौर द्वारा हटा दिया गया है। विपक्ष द्वारा दो महीने पहले ही महापौर शशि सिन्हा की निष्क्रियता को लेकर अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया था। यही राग एमआईसी मेंबरों ने अपने 20 पार्षदों को लेकर पूर्व गृहमंत्री के पास अलापा था। हटाए गए पार्षद जब बंगले पहुंचे तो इसका खुलासा हुआ।

### बंगले को दरकिनार कर लिया महापौर ने निर्णय

रिसाली निगम का गठन पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के विशेष प्रयास से ही संभव हुआ है। निगम गठन के बाद जब कांग्रेस की सरकार प्रदेश में आई तो महापौर चयन में भी पूर्व गृहमंत्री की चली। महापौर शशि सिन्हा जब तक प्रदेश में कांग्रेस की सरकार रही तब तक पूर्व गृहमंत्री के बंगले की रिमोट कंट्रोल मानी जाती रही। पूर्व गृहमंत्री के पुत्र व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री जितेन्द्र साहू की पूरी दखल रिसाली निगम में रही। सूत्रों की माने तो महापौर ने पहली बार बंगले की राजनीति से ऊपर उठकर अपने विशेषाधिकार का इस्तेमाल करते हुए बगावत करने वाले चारों एमआईसी मेंबर को हटाया।

### इस तरह हुई निगम में पार्षदों की विवाद की शुरूआत

सूत्रों के मुताबिक रिसाली निगम चुनाव के बाद सभापति केशव बंछोर को लेकर एमआईसी के तीन मेंबरों का विरोध रहा। इनमें अनूप डे, चंद्रभान सिंह ठाकुर और गोविंद चतुर्वेदी शामिल है। सोनिया देवांगन भी आगे चलकर इन कड़ी में जुड़ गई। ये चारों रिसाली निगम को चलाने में मुख्य भूमिका निभाते रहे हैं। इसलिए कि ये एमआईसी मेंबर पूर्व गृहमंत्री के बंगले से करीबी से जुड़े रहे। इन मेंबरों की शिकायतों पर से बंगले से सभापति केशव बंछोर को यह साफ हिदायत दी गई थी कि वे सामान्य सभा की बैठक के लिए सभापति तक सीमित रहें। एमआईसी की बैठकों या अन्य मामले से दूर रहें। तभी से रिसाली निगम में कांग्रेस दो खेमें में बंट गया था। हटाए गए मेंबरों को पूरा विश्वास था कि यदि वे महापौर की कार्यशैली को लेकर बंगले जाएंगे तो उनकी मानी जाएगी।

### बड़ा सवालः क्या वाकई अवरूद्ध हो गया है रिसाली निगम क्षेत्र का विकास

प्रदेश सरकार बदलने के बाद रिसाली निगम का विकास क्या सच में रूक गया है, यह बड़ा सवाल है। इस सवाल की पड़ताल कांग्रेस पार्षदों, भाजपा पार्षदों और वार्डवासियों से चर्चा कर की गई। इस पड़ताल में यह बात सामने आई है कि रिसाली फंड की बड़ी समस्या से जूझ रहा है। कर्मचारियों के वेतन के लाले पड़ रहे हैं। यहां टैक्स वसूली आय का बड़ा स्रोत है लेकिन इसमें काफी पीछे हैं। करोड़ों के विकास कार्य के भूमिपूजन हुए और फंड भी स्वीकृत हुए हैं लेकिन बीएसपी की जमीन हस्तांतरण नहीं होने से बड़ी योजनाएं धरातल में उतर नहीं पा रही। कांग्रेस के पार्षद अपने ही वार्ड में विकास कार्य नहीं करवा पा रहे हैं तो भाजपा पार्षदों की बात ही अलग है। आय के स्रोत विकसित करने उमरपोटी और धनोरा को निगम में शामिल करने का प्रस्ताव हो या फिर पेयजल की आत्मनिर्भरता केवल फाइलों तक सिमटी हुई है।

### एमआईसी में ये फेरबदल

चंद्रभान सिंह ठाकुर की जगह अब वार्ड 26 के पार्षद अनिल देशमुख जलकार्य, विधि तथा सामानय प्रशासन विभाग देखेंगे। खाद्य, नागरिक आपूर्ति व विद्युत विभाग की प्रभारी सोनिया देवांगन के बदले वार्ड 4 की पार्षद ममता यादव देखेंगी। अनूप डे की जगह वार्ड 24के पार्षद जहीर आवास पर्यावरण व लोक निर्माण विभाग का काम करेंगे। गोविंद चतुर्वेदी की जगह वार्ड 7 के पार्षद संजू नेताम को स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग का प्रभारी बनाया गया है।

**पार्षदों की स्थितिः** रिसाली निगम में 40 वार्ड है। इनमें कांग्रेस के 24 पार्षद है। चार एमआईसी मेंबरों पर भाजपा की नजर है। एक कांग्रेस पार्षद डोमनलाल बारले का निधन हो गया है। भाजपा के 15 पार्षद है।

### हटाए गए चारों मेंबरों का यह कहना

#### संगठन से करेंगे चर्चा



एमआईसी से क्यों हटाया गया इसकी जानकारी मुझे नहीं हैं। इस पर हम संगठन से चर्चा करेंगे।

-**चंद्रभान सिंह ठाकुर** जलकार्य, विधि व सामान्य प्रशासन विभाग

#### सभी पार्षदों की शिकायत थी



कांग्रेस के 20 पार्षदों ने महापौर के कार्यशैली पर असंतोष जताया था। सभी पार्षदों के साथ मैंने भी हस्ताक्षर कर दिए थे।

-**सोनिया देवांगन**, खाद्य, नागरिक आपूर्ति व विद्युत विभाग

#### विशेषाधिकार है मेयर का



महापौर के कार्य को लेकर सभी कांग्रेस पार्षदों ने पूर्व गृहमंत्री के पास ज्ञापन दिया था। एमआईसी मेंबरों को हटाने का विशेषाधिकार मेयर का है।

-**गोविंद चतुर्वेदी**, स्वास्थ्य व चिकित्सा विभाग

#### नए लोगों को मौका दिया



चार एमआईसी मेंबरों की जगह हमने नए पार्षदों को काम करने का मौका दिया है। पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू से इस संबंध में मेरी कोई बात नहीं हुई हैं। मैं अपने विशेषाधिकार का इस्तेमाल करते हुए एमआईसी में फेरबदल किया है। अभी मैं भिलाई से बाहर आई हूं। इसलिए ज्यादा बात नहीं कर सकती।

-**शशि सिन्हा**, महापौर रिसाली निगम

#### संगठन से करेंगे चर्चा

कांग्रेस पार्षदों में लगातार असंतोष बढ़ता जा रहा है। महापौर की कार्यशैली की वजह से रिसाली निगम का विकास ठप होता जा रहा है। यहीं बात अब कांग्रेस पार्षदों की मुंह से सुनने मिला है। संगठन से चर्चा कर आगे की रणनीति बनाएंगे।

-**शैलेंद्र साहू**, नेता प्रतिपक्ष रिसाली निगम

## विधायक रिकेश के पत्र पर कार्रवाई

# मद दुरुपयोग मामले में लेखाधिकारी का तबादला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई




- भ्रष्टाचार की आशंका पर हो रही है जांच

पंद्रह दिन पहले नगर पालिक निगम में सड़क मरम्मत सहित कुछ ऐसे काम का भुगतान निगम मद से कर दिया गया जो कि तत्कालीन आयुक्त की भी जानकारी में नहीं था। जब निगम कर्मचारियों के वेतन सहित अन्य आवश्यक भुगतान को लेकर निगम मद में फंड नहीं बचा तब वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन के संज्ञान में यह प्रकरण सामने आया है और उन्होंने तत्काल कमिश्नर से बात कर गंभीर भ्रष्टाचार की आशंकावश मामले की जानकारी वित्त मंत्री ओपी चौधरी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिख दी थी।

श्री सेन ने बताया था कि निगम के कुछ अधिकारी और जनप्रतिनिधियों की मिलीभगत से निगम मद का दुरूपयोग हुआ है जिसकी तत्काल जांच कर दोषी लोगों पर कार्रवाई की मांग भी उन्होंने की है। श्री सेन ने प्रारंभिक जांच में आशंका जताई थी कि लगभग 65 लाख का हिसाब गड़बड़ किया गया और निगम मद से भुगतान भी हो गया। इस मामले में निगम के लेखाधिकारी भी संदेह के दायरे में हैं। वैशाली नगर विधायक की पहल पर तत्काल कार्रवाई करते हुए सम्पूर्ण मामले की जांच के लिए राज्य शासन ने मामले को संज्ञान में लेकर निगम लेखाधिकारी जितेन्द्र कुमार ठाकुर का भिलाई निगम से स्थानांतरण आदेश जारी कर दिया है। लेखाधिकारी ठाकुर प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अतिरिक्त परियोजना क्रियान्वयन इकाई बेमेतरा स्थानांतरित किए गए हैं जबकि मुख्यमंत्री ग्राम एवं सड़क विकास योजना ग्रामीण दुर्ग लेखाधिकारी चंद्रभूषण साहू को नगर निगम भिलाई लेखाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### फंड ही हो गया था खाली

नगर निगम भिलाई में तत्कालीन आयुक्त की बगैर जानकारी निगम मद से सड़क मरम्मत सहित कुछ ऐसे काम का भुगतान कर दिया गया, जिससे निगम कर्मचारियों के वेतन सहित अन्य आवश्यक भुगतान को लेकर निगम मद में फंड नहीं बचा था। इस तरह की शिकायत मिलने पर वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने कुछ सूचीबद्ध कार्यों के संबंध में जब तत्कालीन कमिश्नर देवेश कुमार ध्रुव से फोन पर जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि ये सभी कार्य न तो उनके संज्ञान में हैं और न ही उन्होंने ऐसे किसी कार्य को लेकर आदेश जारी किया है। विधायक रिकेश ने कहा कि निगम मद से 25 लाख सड़क मरम्मत, 14 लाख पेयजल आदि कुछ ऐसे कार्य हैं जिनके लिए कुछ लोगों की मिलीभगत से निगम मद का दुरूपयोग किया गया है। विधायक रिकेश ने तत्काल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिख निगम मद बजट से ऐसे कार्यों की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

### 65 लाख भुगतान में घिरे हैं लेखाधिकारी

तत्कालीन कमिश्नर को भी निगम मद के ऐसे दुरूपयोग की जानकारी नहीं है तो आशंका यह भी है कि आयुक्त के फर्जी हस्ताक्षर और कूटरचना से ऐसे कार्य के भुगतान के लिए निगम मद का दुरूपयोग हुआ हो। फिलहाल इस तरह के कुल 65 लाख के भुगतान सूचीबद्ध किए गए हैं जिनकी जांच होनी आवश्यक है। विधायक श्री सेन ने कहा कि जल्द ही ऐसे कार्य को अंजाम देने वाले अधिकारियों की कारस्तानी का खुलासा होगा।

## सारनाथ एक्सप्रेस व दुर्ग नौतनवा दुर्ग एक्सप्रेस का बदला मार्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रेलवे प्रशासन ने अधोसंरचना विकास के कार्य तेज गति से किए जा रहे है। इसी को लेकर यार्ड रीमाडलिंग के लिए उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज मंडल प्रयागराज स्टेशन में नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाना है।

इसे लेकर मंडल से चलने वाली ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित की गई है। जिसमें 17 से 20 अक्टूबर को दुर्ग से चलने वाली ट्रेन 15160 दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया मानिकपुर-प्रयागराज छिवकी-वाराणसी-जौनपुर-औड़िहार मार्ग होकर चलेगी। 18 से 21 अक्टूबर को छपरा से चलने वाली ट्रेन 15159 छपरा-दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया औड़िहार-जौनपुर-वाराणसी-प्रयागराज छिवकी-मानिकपुर मार्ग होकर चलेगी। 17 अक्टूबर को दुर्ग से चलने वाली ट्रेन 18205 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया मानिकपुर-प्रयागराज छिवकी-वाराणसी-जफराबाद-सुल्तानपुर-अयोध्या मार्ग होकर चलेगी। 19 अक्टूबर को नौतनवा से चलने वाली ट्रेन 18206 नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया अयोध्या-सुल्तानपुर-जफराबाद-वाराणसी-प्रयागराज छिवकी-मानिकपुर मार्ग होकर चलेगी।

## डेढ़ सास पर फावड़े से हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- भिलाई-3 थाना क्षेत्र की है घटना
- आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पत्नी की बड़ी बहन( डेढ़ सास) को फावडे से हमला करने का मामला सामने आया है। घटना में महिला का नाक का हिस्सा अलग हो गया है। जिसे गंभीर अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि ग्राम अकलोरडीह में सोमवार की रात मथरू ठाकुर की पत्नी रुकमनी ठाकुर पर उसकी छोटी बहन कविता ठाकुर के पति ओमन लाल ठाकुर ने फावड़े से हमला कर दिया। अकलोरडीह में रावण दहन का कार्यक्रम था और सभी कार्यक्रम के बाद 10 बजे घर लौटे थे। इस दौरान ओमन ठाकुर, कविता ठाकुर व रुकमनी ठाकुर घर के कमरे में चले गए। मथरू ठाकुर बाहर बैठा था। कुछ देर में कविता ठाकुर चीखते हुए बाहर निकली तो मथरू कमरे में गया। कमरे में उसकी पत्नी रुकमनी ठाकुर लहूलुहान हालत में पड़ी मिली। इस दौरान ओमन के हाथ में फावड़ा था। मथरू और कविता ने रुकमनी को शास्त्री अस्पताल सुपेला पहुंचाया। जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं घटना की सूचना पर पुलिस आरोपी ओमन ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया है।

### दूसरी शादी पर विवाद

आरोपी ओमन ठाकुर की पत्नी कविता ठाकुर ने पुलिस को बताया कि ओमन अक्सर दूसरी शादी करने की बात करता रहता है। सोमवार की रात को रावण दहन कार्यक्रम से लौटने के बाद उसकी बड़ी बहन रुकमनी से ओमन ठाकुर कहने लगा कि वह उसकी बहन को छोड़ कर दूसरी शादी करेगा। इसे लेकर रुकमनी का ओमन से विवाद हो गया। ओममन शराब के नशे में था और फावड़ा से वार कर दिया। फावड़े के वार से रुकमनी ठाकुर के चेहरे से नाक का हिस्से में चोटें आई है। घटना को देख कविता बदहवास होकर बाहर निकल गई। मौके से ओमन ठाकुर फरार हो गया।

## प्रदूषण को नियंत्रित करने एनजीटी का आदेश

# दिवाली, छठ व क्रिसमस पर केवल दो घंटे ही चलेंगे पटाखे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दिवाली, छठ और क्रिसमस पर्व पर इस बार केवल दो घंटे की पटाखे फोड़े जा सकेंगे। नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल प्रिसिंपल बेंच नई दिल्ली ने यह समय तय किया है। साथ ही यह भी आदेश है कि केवल ग्रीन पटाखों की बिक्री होगी। हालांकि यह आदेश पिछले साल भी एनजीटी ने जारी किया था। लेकिन उसका पालन स्थानीय प्रशासन करवाने में नाकाम रहा। लोगों ने देर रात तक जमकर पटाखे फोड़े।

### इस समय तक चलाना है पटाखे

नगर निगम भिलाई क्षेत्र के सभी जोन आयुक्तो को निर्देशित किये है। नगर निगम भिलाई क्षेत्र में दीपावली पर्व पर रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक, छठ पूजा में प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक, गुरू पर्व पर रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक, नया वर्ष/क्रिसमस पर रात्रि 11:55 से 12:30 बजे तक ही पटाखे फोड़ने का समय निर्धारित किया गया है।



### लाइसेंस केवल ग्रीन पटाखों पर ही

एनजीटी का आदेश है कि कम प्रदूषण उत्पन्न करने वाले इम्प्रूव्ड एवं हरित पटाखा की बिक्री केवल लाईसेन्स ट्रेडर्स द्वारा किया जाना है। केवल उन्ही पटाखों के उपयोग के लिए बाजार में बेचा जा सकेगा जिससे ध्वनि स्तर निर्धारित सीमा के भीतर हो। सीरीज पटाखे अथवा लड़ियों की बिक्री, उपयोग एवं निर्माण को रोकने की कार्यवाही सुनिश्चित किये जाये। ऐसे पटाखा निर्माता जिनके द्वारा पटाखों में लिथीयम, अर्सेनिक, एन्टिमनी, लेड एवं मर्करी का उपयोग किया गया है इनके लाईसेन्स रद्द करने की कार्यवाही को सुनिश्चित की जायेगी।

### ऑनलाइन पटाखे आर्डर पर प्रतिबंध

आनलाईन अथवा ई-व्यापारिक वेबसाईट जैसे-फ्लिपकार्ट, अमेजॉन आदि के द्वारा पटाखों की बिक्री को प्रतिबंधित किया गया है। पटाखा मंगाना या बेचना आदेश का उल्लंघन माना जायेगा। आयुक्त बजरंग दुबे द्वारा शासन के निर्देशो का परिपालन करने के लिए नगर निगम भिलाई क्षेत्र के सभी जोन आयुक्तो को निर्देशित किये है। नागरिकों से भी सहयोग की अपील की है।





पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

7987328736, 7489348301




## शरद पूर्णिमा व्रत

इस दिन प्रातः काल स्नान करके आराध्य देव को सुंदर वस्त्राभूषणों से सुशोभित करके आवाहन, आसान, आचमन, वस्त्र, गंध, अक्षत, पुष्प, धूप, दीप, नैवेध, ताम्बूल, सुपारी, दक्षिणा आदि से उनका पूजन करना चाहिए। रात्रि के समय गाय के दूध से बनी खीर में घी तथा चीनी मिलाकर अर्द्धरात्रि के समय भगवान को भोग लगाना चाहिए। पूर्ण चंद्रमा के आकाशके मध्य स्थित होने पर उनका पूजन करें तथा खीर का नैवेद्य अर्पण करके, रात को खीर से भरा बर्तन खुली चांदनी में रखकर दूसरे दिन उसका भोजन करें तथा सबको उसका प्रसाद दें। पूर्णिमा का व्रत करके कथा सुनानी चाहिए।कथा सुनने से पहले एक लोटे में जल तथा गिलास में गेंहू, पत्ते के दोनों में रोली तथा चावल रखकर कलश की वंदना करके दक्षिणा चढ़ाएं। फिर तिलक करने के बाद गेंहू के 13 दाने हाथ में लेकर कथा सुनें। फिर गेंहू के गिलास पर हाथफेरकर मिश्राणी के पांव स्पर्श करके गेंहू का गिलास उन्हें दे दें। लोटे के जल का रात को चंद्रमा को अर्ध्य दें। शरद पूर्णिमा से ही स्नान और व्रत प्रारंभ हो जाता है। माताएं अपनी संतान की मंगल कामना से देवी-देवताओं का पूजन करती हैं। इस दिन चंद्रमा-पृथ्वी के अत्यंत समीप आ जाता है। कार्तिक का व्रत भी शरद पूर्णिमा से ही प्रारंभ होता है। विवाह होने के बाद पूर्णिमा (पूर्णमासी) के व्रत का नियम शरद पूर्णिमा से लेना चाहिए। प्रति पूर्णिमा को व्रत करने वाले इस दिन भी चंद्रमा का पूजन करके भोजन करते हैं। इस दिन शिव-पार्वती और कार्तिकेय की भी पूजा की जाती है। यही पूर्णिमा कार्तिक स्नान के साथ, राधा-दामोदर पूजन व्रत धारण करने का भी दिन है।



















## निधन

### प्यारी बाई देवांगन



**धमधा।** सोनकर पारा वार्ड 6 धमधा निवासी प्यारी बाई देवांगन उम्र 66 वर्ष का निधन 13 अक्टूबर को हो गया। वे पूर्व शिक्षक होरी लाल देवांगन की पत्नी एवं दीपक, कैलाश देवांगन की मां थीं।

### चोवाबती साहू



**भिलाई।** आशीष नगर रिसाली निवासी चोवाबती साहू उम्र 86 वर्ष का निधन 15 अक्टूबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 16 अक्टूबर को सुबह 11 बजे रिसाली मुक्तिधाम में किया जाएगा।

### सज्जनमल बोथरा



**दुर्ग।** महावीर नगर निवासी सज्जनमल बोथरा उम्र 90 वर्ष का निधन 14 अक्टूबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 15 अक्टूबर को हरना बांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे पार्षद और जिला अधिवक्ता संघ की अध्यक्ष नीता जैन के पिता थे।

### राष्ट्रीय स्वच्छता ज्ञान दिवस, जन जागरुकता और सम्मान समारोह

# स्वच्छ भारत मिशन योजना के स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम में दिलाई गई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंडा

ग्राम कुथरेल में स्वच्छ भारत मिशन योजना के स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम दुर्ग ब्लाक एवं जिला स्तरीय राष्ट्रीय स्वच्छता ज्ञान दिवस, गांधी जयंती एवं जन जागरुकता एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम किया गया। छत्तीसगढ़ प्रदेश मनरेगा मजदूर कल्याण संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राकेश कुमार कौशिक के अथक प्रयास अनुकरणीय रहा। साथ ही पुनीत राम सेन संगठन प्रभारी, छत्तीसगढ़ मनरेगा संगठन जिला रीना देशमुख, प्रदेश महासचिव अध्यक्ष ढाल सिंग चौहान, प्रेम लाल निषाद, तेजराम चौहान, कविता कामडे बालोद जिला अध्यक्ष बालोद, भगवती निषाद जिला अध्यक्ष राजनांदगांव, सकुन साहू, सरस्वती सम्मिलित हुए।

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विधायक ललित चंद्राकर मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए। माया बेलचंन्दन जिला पंचायत सदस्य एवं पूर्व अध्यक्ष कार्यक्रम के अध्यक्षता किया साथ ही जिला कलेक्टर दुर्ग, जिला पंचायत सीईओ, जनपद पंचायत सीईओ टिकेश्वरी देशमुख, जनपद सभापति दुर्ग द्वारा गांधी जयंती स्वच्छता दिवस एवं अहिंसा दिवस, स्वच्छता संस्कार दिवस पर अतिथियों द्वारा बहुत ही ज्ञान वर्धक उद्बोधन के माध्यम से प्रकाश डाला गया। साथ ही विधायक द्वारा स्वच्छता की थपथ दिलाई। वहीं ग्राम पंचायत कुथरेल सरपंच राजश्री प्रदीप चंद्राकर, उपसरपंच एवं समस्त पंचगण एवं ग्राम के सियान टीकाराम साहू, आत्मा राम साहू एवं सभी ग्राम वासियों का सहयोग रहा।

छत्तीसगढ़ प्रदेश मनरेगा मजदूर कल्याण संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राकेश कुमार कौशिक द्वारा गांधी व शास्त्री को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए

महात्मा गांधी राष्ट्रीय मनरेगा अधिनियम नियम 2025 के तहत श्रमिकों को जानकारी दिऐ गये। साथ ही केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। छत्तीसगढ़ प्रदेश मनरेगा मजदूर कल्याण संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राकेश कुमार कौशिक एवं पूरे पदाधिकारियों द्वारा विधायक ललित चन्द्राकर, माया बेलचंन्दन, टिकेश्वरी देशमुख, आत्मा राम साहू, रघुनाथ देशमुख शिक्षक, देवी देशमुख शिक्षक, पूरण लाल साहू भिलाई, प्रदीप चंद्राकर सरपंच राजश्री एवं विभिन्न अतिथियों का शाल, श्रीफल व मोमेंटो द्वारा सम्मान किया गया । जिला दुर्ग ब्लाक के बिहान समूह के विभिन्न गांवों से आए बहनों को साथ ही दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र से आये हुए भाईयों को गांधी जयंती राष्ट्रीय स्वच्छता ज्ञान दिवस अहिंसा दिवस की बधाई दिये। कार्यक्रम के समापन की घोषणा प्रदीप चंद्राकर पूर्व सभापति द्वारा किया गया।

**केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी**




## बकायादारों पर पालिका करेगी कड़ी कार्रवाई: चन्द्राकर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुम्हारी



नगर पालिका में संतोषजनक राजस्व की वसूली नही होने के कारण सोमवार को मुख्य नगरपालिका अधिकारी नेतराम चन्द्राकर ने नाराजगी जताते हुए पालिका के समस्त सहायक राजस्व निरीक्षक एवं वार्ड प्रभारियों की आवश्यक समीक्षा बैठक ली गई। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने राजस्व वसूली को लेकर कड़े निर्देश जारी किए हैं जिसके तहत सभी बड़े बकायादारों एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी कर कुर्की करने की कार्यवाही एवं नल कनेक्शन काटने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने नगर के लोगों से अपील भी की है कि वे समय पर समस्त टैक्स जमा कर सहयोग करें। गौरतलब है कि उप मुख्यमंत्री के द्वारा विभागीय समीक्षा बैठक में दिए गये निर्देश के अनुसार निकाय में राजस्व वसूली 35 प्रतिशत से अधिक किये जाने हेतु नगरीय निकाय को निर्देश दिए गये हैं। उक्त बैठक में राजस्व प्रभारी अविनाश देवांगन सहित समस्त सहायक राजस्व निरीक्षक एवं वार्ड प्रभारी उपस्थित थे।

## शीतला मंदिर जीर्णोद्धार के लिए हुआ भूमिपूजन


हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत ग्राम रसमड़ा में माँ शीतला की पूजा-अर्चना कर जय मां शीतला मंदिर के जीर्णोद्धार और पुनर्निर्माण के भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए और पूजा-अर्चना कर कार्य प्रारंभ किया।

- कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक ललित



यह ऐतिहासिक मंदिर हमारे क्षेत्र की सांस्कृतिक और धार्मिक आस्था का केंद्र हैं। उन्होने माँ शीतला से प्रार्थना किया कि वे हम सभी पर अपना आशीर्वाद बनाए रखें और क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि का संचार हो। इस पुनर्निर्माण कार्य से मंदिर का वैभव पुनः स्थापित होगा, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत बनेगा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू, जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी साहू, सरपंच ममता भागवत साहू, नंदू निर्मलकर, जनपद सदस्य अजय वैष्णव, चेतन साहू, रुपेश साहू, रामखिलवान यादव, चमन यादव, किशन यादव, लालजी गुप्ता, मीना यादव, पीताम्बर साहू एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।












## खबर संक्षेप



### बीएसपी का ब्लास्ट फर्नेस-7 के कैपिटल रिपेयर के बाद पुनः स्टोव हीटिंग प्रारंभ

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस- 7 के स्टोव 2 की हीटिंग का कार्य कैपिटल रिपेयर के बाद 1सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता द्वारा मुख्य महाप्रबंधक (ब्लास्ट फर्नेस) श्री मनोज कुमार, मुख्य महाप्रबंधक प्रोसेनजीत दास एवं ब्लास्ट फर्नेस, आरईडी, पीएलईएम सहित विभिन्न विभागों के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मियों की उपस्थिति में स्टोव 2 के पुनः प्रज्ज्वलन के साथ ही स्टोव हीटिंग की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके फर्नेस उत्पादन में शामिल होने की प्रक्रिया भी प्रारंभ हो गई है। इस ऑपरेशन से हॉट ब्लास्ट तापमान में वृद्धि होने की उम्मीद है, जो डीकार्बोनाइजेशन उद्देश्यों की दिशा में महत्वपूर्ण रूप से सहायक होगा। कैपिटल रिपेयर के के तहत, स्टोव की पूरी रिफ्रैक्टरी रीलाइनिंग की गई, जिसमें क्षतिग्रस्त रिफ्रैक्टरीज को भी हटाया गया था। कैपिटल रिपेयर के लिए बंद किए जाने के बाद, अब प्लांट में ब्लास्ट फर्नेस-7 अपनी रिपेयर गतिविधि के पूरा होने के करीब है। 2024-25 वार्षिक व्यवसाय योजना के लिए हॉट मेटल के उत्पादन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए ब्लास्ट फर्नेस जल्द ही फिर से परिचालन में आने के लिए तैयार है।

### सुबह व शाम जाम की स्थिति, बढ़ रहीं दुर्घटनाएं


# टाउनशिप में आवागमन की बढ़ी समस्या प्रमुख चौकों पर ट्रैफिक पोस्ट की दरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

बीएसपी टाउनशिप में अब पटरीपार क्षेत्र की तरह ट्रैफिक की समस्या बढ़ती जा रही है। इससे जाम की स्थिति के साथ दुर्घटनाएं भी बढ़ रही हैं। इसके चलते प्रमुख सड़कों के व्यस्ततम चौराहे ट्रैफिक सिग्नल पोस्ट की मांग कर रहे हैं।

उल्लेखनीय कुछ साल पूर्व तक आवागमन के दबाव की समस्या पटरीपार यानी नगर निगम इलाके की सड़कों में ही ज्यादा थी। बीएसपी टाउनशिप को नीड एंड क्लीन के साथ खुले खुले ट्रैफिक के लिए जाना जाता था। लेकिन अब चौड़ी सड़कों वाला यह क्षेत्र भी आवागमन के दबाव की समस्या से ग्रस्त है। भले ही टाउनशिप की सड़कों पर पटरीपार के जीई रोड या अन्य व्यस्ततम सड़कों पर आए दिन जानलेवा दुर्घटनाएं नहीं हो रही हैं लेकिन सुबह शाम और विभिन्न आयोजनों के दौरान प्रमुख चौराहों पर जाम के हालात, वाहन फंसने, दुर्घटनाएं, इन्हें लेकर विवाद आम समस्या हो चली है। पिछले पांच दस पंद्रह के दौरान टाउनशिप और इसके चारों ओर बतौर कालोनियां बसाहट, आबादी व वाहनों की तादाद बढ़ने से प्रमुख सड़कों और चौकों पर ट्रैफिक लोड बढ़ रहा है। खासकर सेंट्रल एवेन्यू के अत्यधिक व्यसततम चौराहों सेक्टर 7 ग्लोब चौक, से. दो 25 मिलियन चौक, से. 1 चौक और तालपुरी रोड में मैत्रीबाग चौक, डीपीएस रुआबांधा चौक व प्रगतिनगर रोड रिसाली चौक और प्रियदर्शनी अंडरब्रिज चौक आदि दर्जनभर चौराहों पर जानलेवा ट्रैफिक होता है। सुबह व शाम ड्यूटी व स्कूल कालेज के टाइम और शापिंग के वक्त इन चौकों के साथ पब्लिक प्लेस के किनारे सड़कों पर भी भारी ट्रैफिक होने से जाम होता रहता है। आए दिन छिटपुट दुर्घटनाओं के साथ गंभीर दुर्घटनाओं में लोग हेड इंजुरी के साथ अपाहिज भी हो रहे हैं। क्षेत्र वासियों ने बताया कि सेक्टर 9 हास्पिटल , जिला अस्पताल सहित अन्य अस्पताल के ट्रामा सेंटर टाउनशिप में बढ़ती दुर्घटनाओं की गवाही दे रहे हैं। ट्रैफिक समस्या के निदान के लिए प्रमुख चौराहों पर पटरीपार की तरह ट्रैफिक सिग्नल पोस्ट स्थापित करने के साथ ट्रैफिक पुलिस की तैनाती जरुरी है।

**बीएसपी में बायोमेट्रिक अटेंडेंस के लिए कर्मियों की बढ़ी स्पीड**



#### आबादी व लाखों वाहनों की बढ़ी आवाजाही

पिछले कुछ वर्षों के दौरान टाउनशिप के आसपास बस्तियों के साथ वाहनों की संख्या तेजी से बढ़ी है। टाउनशिप के करीबन 35 हजार मकानों में लगभग डेढ़ लाख वाहन हैं। इनके अलावा प्रगतिनगर, इस्पातनगर, उमरपोटी, धनोरा, आदि 50 से अधिक कालोनियों में टाउनशिप से अधिक निजी व कमर्शियल गाड़ियां हैं, जिनकी रोज टाउनशिप के अंदर से ही आवाजाही करती हैं। इनमें हजारों दोपहिया व कारों के अलावा स्कूल बसें, कर्मिशयल व प्लांट की गाड़ियां, बसें, ट्रक, सिलेंडर व आटोमोबाइल शोरुप के ट्रक, पेट्रोल डीजल टैंक, आदि गाड़ियां शामिल हैं।

#### इन चौकों पर बढ़ा ट्रैफिक लोड

दुरुह व जानलेवा ट्रैफिक की समस्या को देखते हुए प्रमुख चौकों पर जीई रोड की तरह ट्रैफिक सिग्नल पोस्ट बनाने की मांग की जा रही है। प्रमुख सड़कों के व्यस्ततम चौकों में जेएलएन से. 9 चौक, ग्लोब चौक, से. 5 व से, 4 चौक, डीपीएस रिसाली व तालपुरी चौक, से. 6 ए मार्केट और से. 7 ई मार्केट चौक आदि दर्जनभर चौराहों पर भारी ट्रैफिक की समस्या का सामना लोगों को करना पड़ रहा है। इसके अलावा मार्केटों, स्कूलों बैंकों आदि सार्वजनिक स्कूलों के निकट व कई क्रास स्ट्रीटों पर भी ट्रैफिक की समस्या है।

## सेल एथलेटिक्स अकादमी फिर शुरु प्रवेश के लिए चयन प्रतियोगिता 23 से



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

सेल एथलेटिक्स अकादमी में सत्र 2024 से 2027 के लिये सेल एथलेटिक्स अकादमी में प्रवेश के लिए 23 अक्टूबर से 26 अक्टूबर तक चयन स्पर्धा आयोजित की जा रही है। चयन स्पर्धा दौड़, जम्प और थ्रो के विभिन्न श्रेणियों के लिए है। आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख 18 अक्टूबर है। चयन स्पर्धा, अकादमी परिसर बोकारो हॉस्टल, सेक्टर-4, भिलाई में आयोजित की जायेगी। खिलाड़ियों को 22 अक्टूबर को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक एथलेटिक्स अकादमी परिसर, बोकारो हॉस्टल, सेक्टर-4 में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाना अनिवार्य है। चयन स्पर्धा केवल बालक वर्ग के लिए 20 रिक्तियों के लिए है। प्रतिभागी खिलाड़ियों की आयु 14 से 17 वर्ष के मध्य होनी चाहिये। अकादमी में प्रवेश के लिए खिलाड़ियों को बैटरी टेस्ट, इवेंट्स टैस्ट व चिकित्सीय परीक्षण में अपनी योग्यता साबित करनी होगी तथा खिलाड़ियों का चयन चिकित्सीय परिक्षण एज वेरिफिकेशन के पश्चात ही प्रविण्यता के आधार पर होगा। चयन स्पर्धा में प्रवेश हेतु जन्म प्रमाण पत्र, कक्षा पांचवीं, आठवीं, दसवीं की अंक सूची, खेल उपलब्धियों का प्रमाण पत्र, 4 पासपोर्ट साईज कलर फोटो ग्राफ, आधार कार्ड एवं अन्य प्रमाण पत्र दस्तावेज की मूल प्रति तथा राजपत्रित अधिकारी से प्रमाणित छायाप्रति लाना अनिवार्य है। दस्तावेज के मूल प्रति के अभाव में चयन स्पर्धा में भाग लेने नहीं दिया जायेगा। इच्छुक प्रतिभागी प्रशिक्षक-एनआईएस अनिरुद्ध सेल एथलेटिक्स अकादमी बोकारो हॉस्टल, बोरिया मार्केट के पास, सेक्टर- 4 में संपर्क कर सकते हैं।

#### अकादमी 2003 से प्रारंभ

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड सेल की विभिन्न इकाइयों में अलग-अलग सेल अकादमी का संचालन किया जाता है। जिसके अंतर्गत सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र, सेल एथलेटिक्स अकादमी का संचालन करती है। बीएसपी में सेल एथलेटिक्स अकादमी वर्ष 2003 से प्रारम्भ की गई थी, लेकिन कोरोनाकाल के दौरान इसे अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था, जिसे सेल के गाइडलाइन्स के अनुसार पुनः प्रारंभ किया जा रहा है।

## बीएमएस के संस्थापक ठेंगड़ी की पुण्यतिथि मनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



बीएमएस के संस्थापक दत्तो पंत ठेंगड़ी की पुण्यतिथि के पर जिला भारतीय मजदूर संघ के संबद्ध यूनियनों द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन जिला कार्यालय सुपेला में किया गया। पदाधिकारियों के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि के बाद ठेंगड़ी के सिद्धांतों को आत्मासात करने का संकल्प लिया गया। बीएमएस ने दत्तोपंत ठेंगड़ी की पुण्यतिथि समरसता दिवस के रूप में मनाई। पदाधिकारियों ने उनके योगदान पर प्रकाश डाला। कहा कि उन्होंने भारतीय मजदूर संघ नामक गैर राजनीतिक संगठन आरम्भ किया जो आज देश का सबसे बड़ा मजदूर संगठन है । अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, स्वदेशी जागरण मंच, भारतीय किसान संघ, सामाजिक समरसता मंच की स्थापना में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही । कार्यक्रम में मुख्य वक्ता जिला मंत्री हरिशंकर चतुर्वेदी, स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ के प्रदेश महामंत्री शरद दुबे, बिजली कर्मचारी संघ महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष बीएस राजपूत, नलनीश मिश्रा, अशोक देवांगन, यशवंत राव, इंद्रमणि प्रसाद मिश्रा, शिवेंद्र दुबे, अशोक शर्मा, सुरेंद्र वैष्णव, वाल्मीकि सिह, देवेंद्र चंद्राकर आदि उपस्थित थे।

## विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के जन्म दिन पर वैद्यराज डॉ वाई अप्पल नायडू ने मुलाकात किया। इस दौरान शुभकामनाएं देकर उनके द्वारा किए जा रहें लोगों को निःशुल्क हेल्थ सेवाओं को लेकर अवगत भी कराया है। वैद्यराज नायडू ने बताया कि उनके द्वारा हेल्थ को लेकर पुस्तक निकाली जा रही है। जिसमें नाडी और नस से जुड़ी सभी समस्याओं का निदान असानी से किया जा सकता है।




## करोड़ों के टेंडर में खींचतान का खामियाजा भुगतेगी जनता

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

राज्य में भाजपा की सरकार के अस्तित्व में आने के बाद विकास कार्य के लिए जरूर खजाना खोल दिया गया है। लेकिन यहां स्थानीय नेताओं और अफसरों के बीच टेंडर के लिए मचे खिंचतान का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड सकता है। आगामी दिनों नगरीय निकाय चुनाव के चलते आचार संहिता लग जाएगी। ऐसे में करोडों रूपए का निर्माण कार्य विवाद में ही उलझकर रह जाएगा।

■ ठेकेदार और अफसरों की लडाई तमाशबीन बने जनप्रतिनिधि

जानकारी अनुसार अधोसंरचना मद से आठ करोड रूपए से अधिक की राशि से करीब 59 कार्य कराए जाने है। इसके लिए पिछले पन्द्रह दिन से आवेदन लेने की प्रक्रिया चल रही है। लेकिन तिथि बढाए जाने के बजाय अब तक प्रक्रिया पूरी नही की गई हैं। भले ही इसका कारण अफसर बढे हुए आवेदन को बता रहे है, लेकिन भाजपा और कांग्रेस नेताओं के बीच टकराव ही असली वजह है। अब तो खुद भाजपा के कार्यकर्ता ही टेंडर के विरोध में कार्यवाही की मांग करने लगे हैं। बहरहाल राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद मिली राशि से आम जनता को विकास कार्य का इंतजार है। लेकिन जिम्मेदारी नेता और अधिकारियों के बीच मचे द्वंद ने आवाम के उम्मीदों पर पानी फेरने मे लगे हैं।




#### सत्तापक्ष बैठा मौन, अफसरशाही हावी

नगरनिगम में वर्तमान में कांग्रेस की सत्ता है। लेकिन जनप्रतिनिधि अपने जिम्मेदारी का निर्वहन करने के बजाय मौन बठे हैं और इधर पूरे टेंडर प्रक्रिया में कमीशन के नाम पर अफसर कदमताल कर रहे हैं। मुख्यमंत्री और नगरीय निकाय मंत्री को किए गए शिकायत में पीडित ठेकेदारों ने तो मनमाने कमीशन लेने का भी आरोप लगाया है। बहरहाल आठ करोड के कार्य के लिए 11 सौ आवेदन आए है। निगम ने दस से बढाकर टेंडर की स्कूटनी तिथि अब 17 अक्टूबर कर दिया गया हैं।

### बस स्टैंड बन गया अघोषित डिपो, रोज विवाद

**दुर्ग।** स्थानीय नया बस स्टैंड में कई बसों का महिनों से खडा कर इसे अघोषित डिपो बना लिया गया है। सुबह-सुबह रोज बस संचालको के बीच बेतरतीब खडे बसों को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित होती हैं। संचालको से राशि वसूलने वाले ठेकेदार भी मूकदर्शन बने बैठे रहते हैं। जिसके चलते यह एक दिन नही बल्कि रोज विवाद की स्थिति बनती जा रही हैं। बस स्टैंड में बस आडी खड़ी रहती है, जिससे वहां दुकान संचालको को आवाजाही में दिक्कते होती हैं। ज्यादा समस्या तब हो जाती है, जब नंबर वाली बस रहने पर बस ड्राइवर कंडक्टर में झगड़ा होता रहता है।

### कौशल पखवाड़ा 30 तक

**दुर्ग।** राज्य में संचालित केन्द्र तथा राज्य शासन की कौशल विकास योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, नल जल मित्र कार्यक्रम, आजीविका विकास कार्यक्रम के तहत हितग्राहियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिले में 30 अक्टूबर तक कौशल पखवाड़ा का आयोजन किया जायेगा। जिसमें कौशल प्रशिक्षण हेतु युवाओं की कांउसिलिंग की जाएगी।

## दो हजार नए कृषकों ने कराया पंजीयन पिछले साल से अब तक बढ़े 477 किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पिछले साल की अपेक्षा इस बार साढे चार सौ से अधिक किसान धान बेचने नया पंजीयन कराने सामने आए है। हांलाकि पिछले साल पंजीयन कराने वाले करीब एक हजार किसानों का रकबा इस साल के लिए कैरी फारवर्ड नही हो पाया है। ऐस में माना जा रहा है कि, इस बार जिले में धान बेचने जहां किसानों की संख्या पिछले साल से बढेगी, वहीं रकबा में बढोत्तरी होने से धान की बंफर आवक होगी।

■ जिले में एक लाख 10746 किसानों का रकबा कैरी

उल्लेखनीय है कि, राज्य शासन द्वारा आगामी नवंबर माह में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी शुरू की जाएगी। इसके लिए 31 अक्टूबर तक पंजीयन की प्रक्रिया हो रही है। मिली जानकारी अनुसार पिछले साल एक लाख 12314 किसानों ने पंजीयन कराया था। इन किसानों की समिति स्तर पर जांच होने के बाद करीब एक लाख 10746 किसानों का रकबा इस साल के लिए पोर्टल में कैरी फारवर्ड कर लिया गया हैं, वही करीब 1048 किसानों का रकबा फारवर्ड होना बाकी है। अधिकारियों ने बताया कि, पिछले साल पंजीयन कराने वाले किसानों की जांच समिति स्तर पर हो रही है। समिति से वास्तविक किसान जो पिछले साल धान बेचे है, उनका रकबा फारवर्ड किया जा रहा है। पिछले साल के मुकाबले ऐसे एक हजार किसानों का रकबा फारवर्ड होगा।




#### किसानों ने शुरू कर दी धान की कटाई

जिले में अर्ली वैराइटी किस्म के धान की कटाई जिले में शुरू हो चुकी है। वही मुख्य धान की कटाई को करीब पखवाडेभर का समय लगेगा। ऐसे में माना जा रहा है कि, धान खरीदी केन्द्रों में आवक दीपावली त्यौहार के बाद ही होगी। किसान पर्व मनाकर कटाई कार्य में जूट जाएंगे। इधर जिला प्रशासन द्वारा उपार्जन केन्द्रों में तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। बहरहाल धान खरीदी नीति जारी होने का प्रशासन द्वारा इंतजार किया जा रहा हैं।

#### बढ़ गए दो हजार नए किसान

राज्य शासन द्वारा समर्थन मूल्य में बढोत्तरी किए जाने के चलते धान की फसल में किसान दिलचस्प ले रहे है। हर साल धान बेचने किसानों की संख्या बढ रही है। अभी तक जिले में पुराने और नए दो हजार किसानों को मिलाकर 112791 किसान हो चुके हैं। जो पिछले साल से 477 की संख्या अधिक है। आगामी 31 अक्टूबर तक रकबा कैरी फारवर्ड होने से संख्या और रकबा दोनो में बढोत्तरी होगी।

#### प्रक्रिया चल रही

धान बेचने के लिए पंजीयन कार्य आगामी 31 अक्टूबर तक किया जाएगा। वर्तमान की स्थिति में दो हजार नए किसानों ने पंजीयन कराया है।

-संदीप भोई, डीडीए, दुर्ग

### हिर्री में दशहरा उत्सव कार्यक्रम आज

**दुर्ग।** ग्राम हिर्री बाजार चौक जिला दुर्ग में दशहरा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। 16 अक्टूबर को असत्य पर सत्य की जीत का पर्व मनाएंगे। ग्रामीण युवाओं के द्वारा गांव में रामलीला का मंचन किया जाएगा। इसके बाद रावण का पुतला दहन किया जाएगा। इसी दिन ग्रामीण शरद पूर्णिमा का का पर्व भी मनाया जाएगा। गांव में खीर महाप्रसादी के रूप में बांटी जाएंगी। उपसरपंच योगेंद्र साहू और संतोष साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच माटी के महिला डीपरा पारा दुर्ग की सांस्कृति कार्यक्रम भी होगा। लोक गायक कुलेश्वर ताम्रकार भी अपनी प्रस्तुति देंगे।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
वेजर लाइपोसक्शन द्वारा
मोटापे का ईलाज
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कल्पर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

## पुरानी गंजमंडी में 5 नवंबर को होगा राज्योत्सव का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

राज्य शासन के निर्देशानुसार आगामी 5 नवंबर 2024 को पुराना गंजमंडी गंजपारा दुर्ग में राज्योत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। समारोह के सफल संचालन के लिए तीन सदस्यीय कार्यक्रम संचालन समिति का गठन किया गया है। जिसमें अरविंद कुमार एक्का अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी, अश्विनी देवांगन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दुर्ग एवं अरविंद मिश्रा जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग शामिल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार समिति के नोडल अधिकारी को सहयोग देने हेतु प्रशासन के विभिन्न अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं। अरविंद कुमार एक्का अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी दुर्ग को संपूर्ण कार्यक्रम हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इनके सहयोग के लिए बजरंग दुबे अपर कलेक्टर, विरेन्द्र सिंह संयुक्त कलेक्टर एवं हरवंश सिंह मिरी अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। कार्यक्रम में एमएस सोरी उपसंचालक जनसंपर्क को राज्योत्सव के प्रचार-प्रसार का, सीमोन एक्का मुख्य महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग दुर्ग और विकास सरोदे श्रम पदाधिकारी दुर्ग को अपर कलेक्टर के निर्देशानुसार स्टॉल आबंटन का एवं सर्व विभाग प्रमुख जिला दुर्ग को विभागीय योजनाओं तथा उपलब्धियां का पोस्टर बैनर अथवा लाइव प्रदर्शन एवं प्रदर्शनी स्टॉल आयोजित करने का दायित्व सौंपा गया है। सभी प्रभारी अधिकारियों को कार्य आबंटन के अनुसार राज्योत्सव की तैयारी हेतु सौंपे गए दायित्वों का गंभीरता एवं तत्पूर्तापूर्वक संपादन करने कहा गया है। नियुक्त अधिकारी कार्य संपादन हेतु अपने अधीनस्थ अधिकारी एवं कर्मचारियों की ड्यूटी अपने साथ लगाएंगे।

■ प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपे गये दायित्व

## निगम ने तकिया पारा में काटे 3 नल कनेक्शन

**दुर्ग।** नगर निगम द्वारा तकिया पारा में 2009 से जलकर टैक्स नही जमा करने पर 3 नल कनेक्शन कांटे गए। मंगलवार को सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर द्वारा निरीक्षण कार्रवाही करने योगेश सूरे, जलकार्य निरीक्षक राजू चन्द्राकर, सहायक राजस्व निरीक्षक लवकुश शर्मा के साथ कार्रवाही करने तकिया पारा वार्ड 8 पहुँचे। राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता एवं सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोईर ने बताया कि, कई बकायदारों ने सालों से जलकर टैक्स का भुगतान नहीं किया है। इसलिए जलकर भुगतान नहीं करने वाले पहले टैक्स देने की नोटिस दे रहे हैं। नोटिस को दरकिनार किये जाने पर तुरंत नल कनेक्शन काटने की कार्रवाही किया जा रहा है।



मधुमेह
का सर्वोत्तम संस्थान
लाइफवर्थ हॉस्पीटल
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 19,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
27 अप्रैल से 10 मई 2025, 02 मई से 15 मई 2025
8 मई से 21 मई 2025, 13 मई से 16 मई 2025
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें - 7354411411
राशिः-स्लीपर-19,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करेंः-7354-411411

हरिभूमि लाइव
रायपुर, बुधवार 16 अक्टूबर 2024
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at - 9755819129

04



खादी की धूम

## लाइव इवेंट

### स्वयंसेवकों ने स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत के सपने को साकार करने ग्रामीणों को दिलाया संकल्प



**भिलाई।** भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत गांधी जयंती के अवसर पर गोदग्राम पीसेगांव पंचायत भवन में स्वच्छता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर ग्राम पंचायत सरपंच गुलाब बंधे की अध्यक्षता में आयोजित किया गया था।

- गोदग्राम पीसेगाँव में स्वच्छता शिविर का आयोजन।

शिविर में संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी एवं गोदग्राम समन्वयक डॉ.स्नेह कुमार मेश्राम द्वारा ग्रामीण विद्यार्थियों को स्वयं को अपने घर व अपने आस-पड़ोस तथा अपने ग्राम को स्वच्छ रखते हुए स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत के सपने को साकार करने का संकल्प दिलाया गया। तत्पश्चात विश्वविद्यालय के स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम के विभिन्न स्थानों पर सफाई अभियान चलाया गया एवं जनचौपाल द्वारा ग्रामीणों को स्वच्छता के लिए जागरूक किया गया।

इसके अतिरिक्त पंचायत भवन में सम्पूर्ण ग्राम में स्वच्छ भारत अभियान जागरूकता संबंधी रणनीति ग्राम सचिव रश्मि राजपूत के साथ बैठक में निर्धारित की गई। शिविर के संचालन में डॉ. रोहित कुमार वर्मा सहित स्वयंसेवकों का विशेष सहयोग रहा। इस दौरान ग्राम के अन्य कई मुद्दों के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

## सिटी इवेंट

### उद्यानों में कबाड़ से जुगाड़ कर बनाया सोफा, जींस व जूट से फ्लावर पॉट, लुभा रही कलाकृतियां



**भिलाई।** स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत भिलाई नगर निगम के विभिन्न उद्यानों को स्वच्छ कर वेस्ट मटेरियल से बेस्ट बनाकर एनोवेटिव ढंग से संधारित कर आकर्षक बनाया जा रहा है। इसी कड़ी में नेहरु नगर के कुसुम कानन उद्यान में बेकार पड़े टायरों को आकर्षक ढंग से सोफा व फाउंडेन बनाकर सजाया गया है। जिसे बच्चों सहित सभी वर्गों के लोगो के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

### लुभा रहीं आकर्षक कलाकृतियां



नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में शासन की महत्वकांक्षी योजनाओ में से एक वेस्ट से बेस्ट यानी जिन चिजो को हम बेकार समझकर फेंक देते है उससे भी अच्छे आकर्षक कलाकृतियां बनाई जा सकती है। जिसे संधारण कर कबाड़ से जुगाड़ का नाम दिया कहा जा रहा है। नगर निगम भिलाई के विभिन्न गार्डनो में अनुपयोगी सामानो को लेकर उपयोगी कार्य किया गया है। खाली पड़े पुराने टायर, कुर्सी, सामग्री आदि को मिलाकर उसी को आकर्षक रूप देकर कहीं कुर्सी, झूला तो कही सजावट का



सामान बनाया गया। जो आज आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है।

आयुक्त बजरंग दुबे ने स्वयं पहल कर गार्डन में काम कर रहे कर्मचारियों, स्व-सहायता समूह की महिलाओं को इसके लिए प्रेरित किया। कार्य की जानकारी देते हुए जन संपर्क अधिकारी अजय शुक्ला व उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू ने बताया कि स्वछता पखवाड़े के अंतर्गत हर जोन के दो उद्यानों को रिनोवेट किया जा रहा है। जिसमें नेहरु नगर वेस्ट का अशोक उद्यान, शास्त्री उद्यान को सजाया गया है। आयुक्त का कहना है कि जो सामान हमारे लिए अनुपयोगी था उसी को आज पेंट कर उसमें कुछ जोड़कर अच्छा सुन्दर आकर्षक दिखने वाला सामान बनाया गया है।

---

- शरद पूर्णिमा पर भगवान श्रीकृष्ण ने की थी महारास की पावन लीला

# शरद पूर्णिमा पर आज बन रहा ज्योतिषीय दुर्लभ संयोग गजलक्ष्मी रुप की होगी पूजा, खीर में होगी अमृत वर्षा

भिलाई। माता की आराधना का पर्व नवरात्र बीतने के बाद अब आज यानी बुधावर को सभी मंदिरों में शरद पूर्णिमा को लेकर तैयारी की गई है। इस पर्व को मनाने रात को 12 बजे भगवान की विशेष पूजा-अर्चना कर खीर का भोग लगाया जायेगा, जिसके बाद लोगो को प्रसाद वितरण करेंगे। शहर में परंपरा अनुसार कई लोग घर समेत चौक-चौराहों में चंद्रमा की रौशनी के अमृत वर्षा के लिए रखा जाएगा। ज्योतिषाचार्यों ने बताया की पंचाग के अनुसार 16 अक्टूबर को रात्रि 7 बजकर 22 मिनट से पूर्णिमा प्रारंभ होगी और 17 अक्टूबर को अपराह्न 4 बजकर 28 मिनट पर समाप्त होगी।



**भिलाई।** रेवती नक्षत्र पर चन्द्रमा होंगे, मीन राशि पर चंद्र और मीन राशि शुक्र की उच्च की राशि है साथ ही यह गुरु की स्वराशि भी है अर्थात गुरु विवेक हैं, शुक्र विज्ञान तथा पूर्ण चंद्र धन-समृद्धि हैं तीनों का साल में एक बार अद्भुत ज्योतिषीय संयोग बनता है। भगवती लक्ष्मी-इन्द्र व कुबेर की संयुक्त रूप से पूजा होती है। ज्योतिषाचार्य पंडित विनोद चौबे ने बताया की शरद पूर्णिमा पर भगवती लक्ष्मी के 'गजलक्ष्मी' रुप की पूजा की जाती है अर्थात मां लक्ष्मी ऐरावत हाथी पर सवार होकर रात मे पृथ्वी पर आकर देखती है कौन-सा भक्त रात्रि मे जागकर उनकी आराधना कर रहा है, इसीलिए इस व्रत को कोजागरि व्रत भी कहा जाता है। ज्योतिषाचार्य श्री चौबे बताते हैं कि शरद पूर्णिमा की रात में जो भक्त ललितासहस्त्रनामावली से सहस्त्रार्चन करता है उस पर भगवती लक्ष्मी की विशेष कृपा प्राप्त होती हैं, घर में धन-धान्य की उत्तरोत्तर वृद्धि होती है।

### शरद पूर्णिमा की आध्यात्मिकता-



पंडित चौबे ने बताया कि शरद ऋतु के आश्विन शुक्ल की इस पूर्णिमा को शरद पूर्णिमा भी कहा जाता है शरद पूर्णिमा पर भगवान श्रीकृष्ण ने महारास की पावन लीला की थी। श्रीमद्भागवत पुराण के अनुसार जितनी गोपियां उतने ही भगवान श्रीकृष्ण बनकर एकोअहम् बहुस्याम् का उद्घोष किया था। मीरा ने जित देखूं तित श्याममयी है के रूप मे भगवान श्रीकृष्ण को देखा। गोस्वामी तुलसीदास ने इसी रूप को प्रभु श्रीराम के लीला वर्णन मे सीयराममय सब जग जानी। करें प्रनाम जोरि जुग पानी। के रूप मे भगवान की पूर्ण सत्ता को अपने शब्दों मे परिभाषित किया।

### खास बातें

- ललितासहस्त्रनामावली से मिलेगी लक्ष्मी की विशेष कृपा, घर में धन-धान्य की उत्तरोत्तर वृद्धि।
- आज व्रत रखकर रात में की जाएगी कोजागरि पूजा
- शरद पूर्णिमा पर आज बन रहा ज्योतिषीय दुर्लभ संयोग, लक्ष्मी के गजलक्ष्मी रुप की होगी पूजा, अमृत वर्षा से खीर में आयेगा औषधीय गुण
- शरद पूर्णिमा पर भगवान श्रीकृष्ण ने किया थी महारास की पावन लीला।
- ललितासहस्त्रनामावली से मिलेगी लक्ष्मी की विशेष कृपा, घर में धन-धान्य की उत्तरोत्तर वृद्धि।

### रात मे होगी अमृत वर्षा-

16 अक्टूबर को रात्रि 7 बजकर 22 मिनट से भद्रा शुरू हो जाएगा, किंतु पर्व होने के नाते भद्रा का साया बेहसर रहेगा। अर्धरात्रि में अमृत की वर्षा होती है। चन्द्र 16 कलाओं से परिपूर्ण हो भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की विशेष कृपा प्राप्त करने के साथ ही घर मे सौभाग्य और समृद्धि आती है और चांदनी रात में खीर खाने से स्वास्थ्य लाभ होता है। इसलिए खुले आसमान में खीर रखा जाता है।

### आज व्रत रखकर रात में की जाएगी कोजागरि पूजा

रेवती नक्षत्र पर चन्द्रमा होंगे, मीन राशि पर चंद्र और मीन राशि शुक्र की उच्च की राशि है साथ ही यह गुरु की स्वराशि भी है अर्थात गुरु विवेक हैं, शुक्र विज्ञान तथा पूर्ण चंद्र धन-समृद्धि हैं तीनों का साल में एक बार अद्भुत ज्योतिषीय संयोग बनता है। भगवती लक्ष्मी-इन्द्र व कुबेर की संयुक्त रूप से पूजा होती है। ज्योतिषाचार्य पंडित विनोद चौबे ने बताया की शरद पूर्णिमा पर भगवती लक्ष्मी के 'गजलक्ष्मी' रुप की पूजा की जाती है अर्थात मां लक्ष्मी ऐरावत हाथी पर सवार होकर रात मे पृथ्वी पर आकर देखती है कौन-सा भक्त रात्रि मे जागकर उनकी आराधना कर रहा है, इसीलिए इस व्रत को कोजागरि व्रत भी कहा जाता है। ज्योतिषाचार्य श्री चौबे बताते हैं कि शरद पूर्णिमा की रात में जो भक्त ललिता सहस्त्रनामावली से सहस्त्रार्चन करता है उस पर भगवती लक्ष्मी की विशेष कृपा प्राप्त होती हैं, घर में धन-धान्य की उत्तरोत्तर वृद्धि होती है।

### शरद पूर्णिमा की आध्यात्मिकता

पंडित चौबे ने बताया कि शरद ऋतु के आश्विन शुक्ल की इस पूर्णिमा को शरद पूर्णिमा भी कहा जाता है शरद पूर्णिमा पर भगवान श्रीकृष्ण ने महारास की पावन लीला की थी। श्रीमद्भागवत पुराण के अनुसार जितनी गोपियां उतने ही भगवान श्रीकृष्ण बनकर एकोअहम्-बहुस्याम्-का उद्घोष किया था। मीरा ने जित देखूं तित श्याममयी है के रूप मे भगवान श्रीकृष्ण को देखा। गोस्वामी तुलसीदास ने इसी रूप को प्रभु श्रीराम के लीला वर्णन मे सीयराममय सब जग जानी। करें प्रनाम जोरि जुग पानी। के रूप मे भगवान की पूर्ण सत्ता को अपने शब्दों मे परिभाषित किया।

### रात में होगी अमृत वर्षा

16 अक्टूबर को रात्रि 7 बजकर 22 मिनट से भद्रा शुरू हो जाएगा, किंतु पर्व होने के नाते भद्रा का साया बेहसर रहेगा। अर्धरात्रि में अमृत की वर्षा होती है। चन्द्र 16 कलाओं से परिपूर्ण हो भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की विशेष कृपा प्राप्त करने के साथ ही घर मे सौभाग्य और समृद्धि आती है और चांदनी रात में खीर खाने से स्वास्थ्य लाभ होता है। इसलिए खुले आसमान में खीर रखा जाता है। माता की आराधना का पर्व नवरात्र बीतने के बाद अब आज यानी बुधावर को सभी मंदिरों में शरद पूर्णिमा को लेकर तैयारी की गई है। इस पर्व को मनाने रात को 12 बजे भगवान की विशेष पूजा-अर्चना कर खीर का भोग लगाया जायेगा, जिसके बाद लोगो को प्रसाद वितरण करेंगे। शहर में परंपरा अनुसार कई लोग घर समेत चौक-चौराहों में चंद्रमा की रौशनी के अमृत वर्षा के लिए रखा जाएगा। ज्योतिषाचार्यों ने बताया की पंचाग के अनुसार 16 अक्टूबर को रात्रि 7 बजकर 22 मिनट से पूर्णिमा प्रारंभ होगी और 17 अक्टूबर को अपराह्न 4 बजकर 28 मिनट पर समाप्त होगी।

---

# गौड़ ब्राह्मण समाज की कार्यकारिणी का हुआ गठन, विजय बने अध्यक्ष

**भिलाई।** गौड़ ब्राह्मण समाज की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। इसमें अध्यक्ष विजय शर्मा ने कार्यकारिणी की घोषणा की। बैठक की शुरुआत भगवान परशुराम के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना कर की गई।

इस दौरान पूर्व अध्यक्ष संतोष शर्मा, आर पी शर्मा, श्याम सुंदर शर्मा, कैलाश चंद शर्मा, महेश वशिष्ट, ओम प्रकाश शर्मा, कैलाश शर्मा, सुनील शर्मा, तेज प्रकाश शर्मा की उपस्थिति में कार्यकारिणी का गठन हुआ।

गौड़ ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष विजय शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमें एकजुट होकर समाज में फैली बुराइयों को दूर कर स्वच्छ, सुरक्षित व सुंदर वातावरण स्थापित करना होगा। समाज के जिम्मेंदार लोगों का दायित्व बनता है कि वह आने वाली पीढ़ी का सही दिशा में मार्गदर्शन कर समाज को एक अच्छा वातावरण प्रदान करें।



जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी राजेश शर्मा ने बताया कि बैठक में ब्राह्मण समाज के दीपावली मिलन समारोह की तैयारियों पर भी चर्चा हुई। दीपावली मिलन का कार्यक्रम का आयोजन 10 नवम्बर को आयोजित किया जायेगा।

# छत्तीसगढ़ी सरयूपारिण ब्राह्मण समाज कल मनायेगा शरदोत्सव व अलंकरण समारोह

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ी सरयूपारिण ब्राह्मण महासंघ एवं दुर्ग जिला छत्तीसगढ़ी सरयूपरिण ब्राह्मण समाज दुर्ग के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को शरदोत्सव एवं अलंकरण समारोह का आयोजन, विवेकानंद सभागार जेल चौक दुर्ग में आयोजित किया जाएगा।

समारोह में सामाजिक चर्चा के अलावा समाज के उन विभूतियों का सम्मान किया जायेगा जिन्होंने प्रदेश भर से विभिन्न क्षेत्रों में विशेष योग्यता हासिल की है। 17 अक्टूबर को आयोजित होने वाला शरदोत्सव का यह आयोजन विवेकानंद सभागार दुर्ग में दोपहर 2 बजे से 7 बजे तक आयोजित किया जायेगा।

कार्यक्रम के लिए विशिष्ट व्यक्तियों में जस्टिस टीपी शर्मा, पूर्व लोकायुक्त शिवकुमार तिवारी, आईएएस डॉ बी एल तिवारी, आईएएस नरेंद्र शुक्ला, आईएएस लक्ष्मी नारायण तिवारी, रिटायर्ड चीफ इंजीनियर पूर्व अध्यक्ष ब्राह्मण महासंघ रायपुर कार्यक्रम में विशेष रुप से शिरकत करेंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राजनांदगांव लोकसभा सांसद संतोष पांडेय द्वारा की जाएगी। ब्राह्मण समाज दुर्ग के अध्यक्ष कमल नारायण शर्मा एवं सुमन पांडेय (अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ) ने समाज के सभी सदस्यों को एवं समाज के लोगों को इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

---

## दुर्ग आईजी रामगोपाल गर्ग ने साइबर फ्राड से बचने दी जानकारी

# अनजान मैसेज व कॉल कर कोई ब्लैकमेल कर लुभावने ऑफर या लालच दे तो करें इग्नोर, 1930 पर करें कॉल

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** आज के दौर में सभी लोग इंटरनेट का उपयोग कर रहे हैं, जिसके चलते सारा डेटा इंटरनेट पर स्टोरेज रहता है। हैकर्स इसी डाटा को प्राप्त कर लिंक के माध्यम से लोक लुभावनी लाटरी, गिफ्ट, …ा डबल करने, शेयर इन्वेस्टमेंट, आनलाइन छूट …ा लालच देते हैं। ठग अनजान लिंक पर क्लिक …राकर पूरी डिटेल पाते हैं और धोखाधड़ी करते हैं। साइबर स्टाकिंग, फेक अकाउंटस, बाडी शेमिंग, डी फेक, सोशल एक्सक्लूसन, आनलाइन सेक्सटोर्सन, चाइल्ड पोर्नग्राफी, हनी ट्रैप आदि साइबर क्राइम से बचने के लिए जागरुकता जरूरी है। सावधानी से ऐसे फ्राड से बच सकते हैं। साइबर फ्रॉड से संबंधित यह जानकारी दुर्ग पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग ने कही। प्रेस से मिलिए कार्यक्रम में आईजी गर्ग ने बताया कि हैकर्स जानी मानी कंपनियों की सोशल एकाउंट से मिलती जुलती एकाउंट बनाते है और लोग जल्दबाजी में उस पर ध्यान न देते हुए आई हुई लिंक पर क्लिक कर देते है। जिसके बाद उनके फोन में मौजूद पूरा डेटा उन तक पहुंच जाता है और वह लोग साइबर ठगी व धोखाधड़ी और ब्लैकमेलिंग के शिकार हो जाते है। उन्होंने साइबर अपराध से बचने ई मेल आइडी, पासवर्ड व सोशल एकाउंट पासवर्ड पर टू स्टेप सिक्योरिटी लगाने की बात कही। इसी के साथ ही लोगों से पासवर्ड के रूप में जन्मतिथि व शादी की सालगिरह की डेट न डालने की बात कही। उन्होंने पासवर्ड बदलते गहने की बात कही।




### सायबर फ्राड से बचने अलर्ट रहना जरूरी

आईजी गर्ग ने कहा कि समाज में कोई भी व्यक्ति परफेक्ट नहीं है। हमारी सोच पॉजिटिव होनी चाहिए। सीखने की इच्छा हमेशा होनी चाहिए। लालच फ्राड होने का कारण है। अभी तक छत्तीसगढ़ में जितने भी साइबर अपराध हुए हैं, उसमें छत्तीसगढ़ के लोगों की संलिप्तता नहीं के बराबर है। सायबर फ्राड से बचने अलर्ट रहना जरूरी है। आईजी ने कहा कि ठग पहले आपका भरोसा जीतते हैं उसके बाद बड़ी फ्रॉड को अंजाम देते हैं। फ्रॉड आपके डर का फायदा उठाते हैं। किसी भी तरह के साइबर होने पर अपराध की सूचना 1930 पर जरूर दें।

### पैसा आसानी से नहीं बनता

एसपी जितेंद्र शुक्ला ने कहा कि पैसा आसानी से नहीं बनता। पैसा कमाने के लिए मेहनत करना पड़ता है। कोई भी आदमी मुफ्त में पैसा नहीं देता। जितने भी फ्रॉड हो रहे हैं यह सब लालच का ही परिणाम है। एसपी ने कहा कि अगर साइबर अपराध हुआ है तो जितनी जल्दी थाना में सूचना देंगे अपराध को रोका जा सकता है। देरी करने पर ऑनलाइन ठगी की रकम को लीगल प्रूफ करने में दिक्कत होती है। एसपी जितेंद्र शुक्ला ने कहा पूरी दुनिया इंटरनेट पर कनेक्ट है, लेकिन सुरक्षा हमारे हाथ में है।

कार्यख्रम के दौरान एडिशनल एसपी अभिषेक झा, साइबर प्रभारी संकल्प राय, सोशल मीडिया प्रभारी, प्रशांत शुक्ला, पत्रकार बिरादरी की ओर से संपादक योगेश दुबे, संपादक देवेन्द्र गोस्वामी, संपादक , ब्यूरो चीफ आलोक तिवारी, योगेश गुप्ता, राजेन्द्र गोस्वामी, राधा मोहन मिश्रा, खिलावन चौहान, रमेश भगत, जाकीर हुसैन, आनंद ओझा, संदीप दीवान, मनेन्द्र पटेल, मो फारुक, हरप्रीत भाटिया, सतीश बौद्ध, विजय दुबे, निलेश त्रिपाठी, दिनेश चौहान, कोमल धनेसर, संगीता मिश्रा, शाहीन खान, मनीषा सिंह, दीपमाला, भारती, अनिता मिश्रा, एश्वर्या सिहं, शिवेन्द्र शिंदे, दीपक मिश्रा, प्रदीप राव, अतुल शर्मा, संतोष शर्मा, गौकरण निषाद, योगेश वर्मा, सोलोमन आदि मौजदू थे।

सिटी इवेंट

## ब्रजमंडल सेक्टर 6 में शरद पूर्णिमा महोत्सव 17 को



**भिलाई।** ब्रजमंडल द्वारा शरद पूर्णिमा महोत्सव की तैयारी को लेकर ब्रजमंडल भिलाई कार्यकारिणी की बैठक गीता भवन सभागार में हुई। इस बैठक में महासचिव सूरज मंगला ने बताया कि इस वर्ष शरद पूर्णिमा की तिथि 16 अक्टूबर रात से लग रही है जो 17 अक्टूबर को उदया तिथि के अनुसार शरद पूर्णिमा गुरुवार को मनाई जाएगी। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सदस्यों ने बताया कि ब्रजमंडल के गीता भवन सेक्टर 6 स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में सुबह राधा-कृष्ण विग्रह का विशेष साज श्रृंगार किया जाएगा। उसके बाद आमंत्रित श्रद्धालु यजमान द्वारा विशेष महाभिषेक किया जाएगा। शाम 6.30 बजे महाआरती पश्चात आमंत्रित कलाकारों द्वारा विशेष रास गरबा नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम पश्चात खीर प्रसाद का भोग लगाकर सभी को प्रसाद वितरण किया जाएगा। इस बैठक में अध्यक्ष राकेश कुमार यदुवंशी सहित गिरीश गुप्ता, विरेन्द्र कुमार शर्मा, प्रदीप कुमार वर्मा, हरीश कुमार गुहे, राजकुमार वर्मा, विरेन्द्र सिंह ठाकुर, अखिलेश त्रिपाठी, शील कुमार राघव, दिलीप कुमार वर्मा सहित समस्त कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे।

- कलाकार देंगे रास गरबा की प्रस्तुति

हेल्थ लाइव

## फाइबर हेल्थ समस्याओं को करेगा दूर, शिविर में दी जानकारी



**भिलाई।** त्यौहारों के सीजन को ध्यान में रखते हुए उड़ान मार्ट द्वारा एग्जिबीशन का आयोजन किया गया। जिसमें फूड थेरेपिस्ट, न्यूट्रिशनिस्ट, हेल्थ अवेयरनेस प्रोग्राम का स्टॉल लगाया गया था। जिसमें दुर्ग सांसद पत्नी रजनी बघेल ने अपनी हेल्थ चेकअप कराया। इस स्टॉल में स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का निर्देश देते हुए कई जानकारी दी गई। हेल्थ चेकअप के स्टॉल में पहुंचे बच्चों व बड़ों को घर के बने पौष्टिक खानपान अपनाने, मौसमी फल, हरी साग सब्जियों, केला, अनार, सेब, अंगूर सहित सभी मौसमी फलों को समयानुसार सेवन करने की जानकारी दी। अधिक फाइबर युक्त खाने, चोकर युक्त आटे की रोटी, फल तथा मौसमी सब्जियां को अपने भोजन में ऐड, व्यायाम, प्राणायाम, योगासन करने आदि की जानकारी दी गई। जया वर्मा ने खाने से पहले कम से कम 30 सेकंड अपने हाथों को अच्छे से धोना बताया। पुष्पांजलि साहू बताया कि कभी अपने सुबह के नाश्ते को स्कीप ना करें और अधिक पौष्टिक अधिक प्रोटीन युक्त खाना जैसे दाल, राजमा , सोयाबीन को अपने खाने में ऐड करें तथा स्वस्थ जीवन शैली को अपनाए। संजय कुमार साहू ने कहा कि यदि आपको खांसी की दिक्कत है तो अधिक मिर्च मसालेदार चीजों का सेवन न करें, चावल का कम से कम उपयोग करें। इस अवसर पर पुष्पांजलि साहू, किरण वर्मा, दीपक वर्मा, संजय कुमार साहू, उदय साहू उपस्थित थे।

स्पोर्ट्स इवेंट

## जंबूरी में पांच दिनों तक चलेगी अनुशासन की पाठशाला

**दुर्ग।** प्रथम राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस मीट 2024 का भव्य आयोजन जिले में 18 से 22 अक्टूबर तक भारती विश्वविद्यालय पुलगांव दुर्ग में आयोजन किया जा रहा है। पांच दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में पेटिंग, सांस्कृतिक कार्यक्रम, अंताक्षरी और रंगोली जैसे विविध कार्यक्रम का प्रदर्शन प्रतिभागियों द्वारा किया जाएगा। पहली बार दुर्ग में राज्य स्तरीय इस आयोजन को लेकर पूरा जिला प्रशासन इस आयोजन को लेकर जुटा हुआ है। रेडक्रॉस सोसायटी की छत्तीसगढ़ राज्य शाखा व संस्था के सदस्य निःस्वार्थ भाव से मानव सेवा का काम करते हैं।

### ऐसा रहेगा पांच दिनों का शेड्यूल

प्रथम दिवस दोपहर 1 बजे तक दल प्रभारियों के द्वारा सभी प्रतिभागियों का पंजीयन किया जाएगा। 3.30 बजे तक पूर्वाभ्यास के साथ समारोह का उद्घाटन किया जाएगा। शाम को जिला प्रभारियों की बैठक, रात 7.30 बजे तक भोजन के बाद रात 8.30 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। द्वितीय दिवस हस्तकला एवं रंगोली प्रतियोगिता, 11.30 बजे प्रतिभागियों को यातायात नियम संबंधी प्रशिक्षण, 12 बजे मार्चपास्ट प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। 2.30 बजे प्रतिभागियों को फायर फाईटिंग प्रशिक्षण दिया जाएगा। निबंध एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। 3 बजे साहसिक गतिविधियां और शाम 5.30 बजे क्वीज, अंताक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। 8.30 बजे लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। तृतीय दिवस सुबह 8.45 बजे स्वच्छता अभियान कार्यक्रम एवं फर्स्ट एड प्रदर्शन प्रतियोगिता, दोपहर 2.30 बजे बाढ़ आपदा प्रशिक्षण दिया जाएगा। 3 बजे साहसिक गतिविधियां आयोजित की जाएगी। चौथे दिवस सुबह 6 बजे तक युद्ध कौशल का प्रदर्शन, 8.30 बजे ध्वजारोहण एवं 8.45 बजे जिले का भ्रमण कराया जाएगा। पाचवें दिन सुबह 6 बजे तक सामूहिक योग व व्यायाम, 8.30 बजे ध्वजारोहण एवं 9 बजे नगर भ्रमण कराया जाएगा। सुबह 10 बजे समापन कार्यक्रम का पूर्वाभ्यास और अपरान्ह 1 बजे समापन एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

● लायंस क्लब दुर्ग सिटी का सेवा सप्ताह समापन, वरिष्ठजन हुए सम्मानित

# सेवा परमोधर्म की भावना के साथ सेवा सप्ताह का हुआ समापन, नए सदस्यों को दिलाई शपथ

**भिलाई।** लायंस क्लब दुर्ग सिटी दवरा आयोजित सेवा सप्ताह का समापन पिछले दिनों समारोह के रुप में किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष सुमन पांडे ने स्वागत भाषण दिया और सेवा सप्ताह में सक्रिय सहयोग करने वाले मेंबर्स का आभार व्यक्त उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान लायंस क्लब दुर्ग सिटी सचिव रश्मि अग्रवाल ने 1 जुलाई से 30 सितंबर तक किए जाने वाले कार्यों का ब्योरा दिया। सेवा सप्ताह के संयोजक हरमीत सिंह भाटिया ने सेवा सप्ताह में किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी और इस कार्य में सहयोग करने वाले लायन सदस्यों का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया।





### सेवा कार्य करने एसडीआरएफ के जवान हुए सम्मानित




लायंस क्लब दुर्ग सिटी हर वर्ष सेवा सप्ताह समापन के अवसर पर देश और समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों का सम्मानित करती है। इसी कड़ी में इस वर्ष क्लब द्वारा एसडीआरएफ (राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल) के जवान राजकुमार यादव, इंद्रपाल यादव, राजेश नेताम, उल्लेखनीय कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी योगेश चंद्राकर, दुर्ग पुलिस चौकी नवीन यादव, उत्कर्ष सिंह, पुष्कर दीवान को सम्मानित किया गया। रक्तदान करने वाले मेंबर्स आशीष सुराना, शिवांग अग्रवाल, अमर सिंह गुप्ता, महमूद अली हिरानी, श्रवण यादव को क्लब द्वारा सर्टिफिकेट प्रदान किए गए।




### नये सदस्यों को दिलाई शपथ

लायंस क्लब दुर्ग सिटी में रीजन चेयर पर्सन राजेश जैन व जोन चेयर पर्सन ललित भंसाली ने आधिकारिक यात्रा के दौरान वरिष्ठ लायन सदस्यों को पिन देकर सम्मान किया और राजेश जैन नए मेंबर्स को शपथ दिलवाई। इस दौरान बहादुर अली, गुलाब चौहान, आलोक नारंग व परवीन खान ने सुमधुर गीत प्रस्तुत कर समां बांधा। कार्यक्रम के अंत में ध्वज वंदना का अनिता तिवारी ने किया। मंच संचालन डॉ रौनक जमाल ने अपने रोचक अंदाज में किया। आभार प्रदर्शन रुपिंदर कौर कालकेट ने किया। समारोह में रीजन सचिव राजकुमार शर्मा, विनोद परमार, सतीष चंद सुराना, विजया सुराना, विनोद परमार, परमार, जरीना जमाल, अमर सिंह गुप्ता, एसपीएस दुलई, रौनक जमाल, महमूद अली हिरानी, कैलाश जैन बरमेचा, अनिल अरोरा, बृजमोहन खंडेलवाल, ज्ञानचंद पाटनी, संजय अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, सुमन पांडे, रश्मि अग्रवाल, आकांक्षा मिश्रा, रुपिंदर कौर कालकेट, लक्ष्मी चंद्राकर, मोहित जैन, पदमेश जैन, रोहित अभिनव, शिरीन पांडे उपस्थित थे।

## माता से मांगा आशीर्वाद






**भिलाई।** आदि सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति ए मार्केट सेक्टर-1 में आयोजित ट्विनसिटी के सबसे पुराने दुर्गोत्सव के दौरान दशमी को महिलाओं द्वारा माता को सिंदूर लगाकर विदाई की। इस दौरान महिलाओं ने सिंदूर खेला की रस्म पूरी की। माता की झोली में श्रृंगार का सामान उपहार देकर खुद आशीर्वाद मांगा। सभी ने एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर मुंह मीठा कर अमर सुहाग की कामना की।



भारती विवि का आयोजन

## विधि छात्रों ने मूट कोर्ट से सीखा व्यावहारिक अनुभव




**भिलाई।** भारती विश्वविद्यालय के विधि संकाय के तत्वावधान में मूट मेमोरियल तैयारी और मौखिक राउंड तकनीकों पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान हाइब्रिड प्रारूप में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कीट स्कूल ऑफ लॉ, भुवनेश्वर के वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक फैज आयत अंसारी ने अतिथि व्याख्यान दिया।

उन्होंने मजबूत मूट मेमोरियल तैयार करने और प्रभावी मौखिक तर्क देने पर अपनी विशेषज्ञता और अंतर्दृष्टि साझा की। व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के लिए छात्रों को एक रीयल टाइम मूट मेमोरियल दिया गया और उन्हें हल करने के लिए कहा गया।

आरंभ में डीन अकादमिक डॉ. आलोक भट्ट ने मुख्य वक्ता का स्वागत करते हुए स्वागत वक्तव्य दिया। विधि संकाय की डीन डॉ. शोभा सिंह ठाकुर ने अतिथि व्याख्यान का संयोजन किया। कार्यक्रम का समन्वय सहायक प्राध्यापक आस्था चतुर्वेदी और संपदा बैस द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने प्रश्न भी पूछे, विशेषज्ञ ने प्रश्नों के उत्तर देकर विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं को शांत किया।

**भारती विश्वविद्यालय में मूट मेमोरियल तैयारी और मौखिक राउंड पर अतिथि व्याख्यान**

यह अतिथि व्याख्यान विद्यार्थियों के लिए सीखने का अवसर साबित हुआ, जिससे उन्हें मूट कोर्ट प्रतियोगिताओं में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक तकनीकें सीखी। व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने और विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्राप्त करके, विधि छात्र भविष्य की कानूनी चुनौतियों से बेहतर तरीके से निपट सकेंगे। इस अवसर पर विधि विभाग के समस्त प्राध्यापकों के साथ साथ एलएलबी और पंच वर्षीय एलएलबी के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### आवास मेला सह लखपति दीदी महिला पहल सम्मान समारोह कल

**दुर्ग।** जिला प्रशासन दुर्ग द्वारा कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में कल सुबह 11 बजे आवास मेला सह लखपति दीदी महिला पहल सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। उक्त समारोह बीआईटी ऑडिटोरियम दुर्ग में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के मुख्य आतिथ्य में तथा सांसद विजय बघेल की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। समारोह में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, ईश्वर साहू, विधायक गजेन्द्र यादव, विधायक वैशालीनगर रिकेश सेन, विधायक बेमेतरा दिपेश साहू, अध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग पुष्पा भुनेश्वरी यादव मौजूद होंगे।

यह आयोजन गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज

# 504 जोड़ों ने हिस्सा लेकर गोल्डन बुक में दर्ज कराया आयोजन, जनप्रतिनिधि बने साक्षी

कार्नर न्यूज



**दुर्ग।** दादा गुरुदेव जिनदत्तसूरि, मणिधारी दादा गुरुदेव जिनचंद्रसूरि, दादा जिनकुशलसुरि, दादा जिनचंद्रसूरि महाराज का विधि विधान से पूजा हर्ष और उल्लास के वातावरण में महेश कॉलोनी स्थित सभागृह में साध्वी दर्शन प्रभा जी ज्ञान प्रभा जी एवं चरित्र प्रभा जी के सानिध्य में संपन्न हुई। आज का यह आयोजन गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल किया गया। कमेटी ने ऑनलाइन प्रमाण पत्र जारी कर आदिनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर ट्रस्ट के इस आयोजन की प्रशंसा करते हुए सर्टिफिकेट जारी किया तथा एक ऑडियो मैसेज के द्वारा इस आयोजन की प्रशंसा की हैं। आदिनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर ट्रस्ट एवं रत्नत्रयी चातुर्मास समिति दुर्ग के बैनर तले यह आध्यात्मिक भव्य आयोजन पूरे गरिमा में वातावरण में संपन्न हुआ। इस आयोजन में भाग लेने देश के विभिन्न शहरों से गुरु भक्त परिवार दुर्ग पहुंचे थे।



### कार्यक्रम में ये हुए शामिल

इंदौर से आए विधि कारक अरविंद भाई ने विधि विधान से दादा गुरुदेव महापूजन का पूजा अर्चना संपन्न कराई। ललित चंद्राकर केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव दुर्ग के लोकप्रिय विधायक दुर्ग अरुण वोरा पूर्व विधायक धीरज बकलीवाल महापौर आरएन वर्मा पूर्व महापौर अखिल भारतीय खरतरगच्छ प्रतिनिधि महासभा के अध्यक्ष प्रकाश सुराना बाबूलाल, लुनिया महेंद्र भंसाली सरोज गोलछा, सुरेश भंसाली, त्रिलोक भंसाली, अभय भंसाली, शांतिलाल चोपड़ा, राकेश संचेती, गुमान माल बोहरा, संजय चोपड़ा आदि उपस्थित रहकर साक्षी बने। खरतरगच्छ युवा परिषद के दुर्ग के आशीष लुनिया सुदीप कोचर, जीतु तातेड, देवीचंद दुग्गड, योगेश बरडिया, प्रवीण बोथरा, निर्मल लोढ़ा, दीपक चोपड़ा, दीनू लोढ़ा, अजय गोलछा, सुयश चोपड़ा, मयंक बोथरा सभी सदस्यों का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

### भजन गायकों ने बांधा समां

देश के ख्याति नाम भजन गायक लवेश हिमांशु बुरड़ की शानदार जोड़ी ने भक्ति गीतों का शानदार समा बांधा उनकी भक्ति गीतों में मंत्र मुक्त होकर भक्ति गीतों का आनंद लेते हुए झूम झूम कर भक्ति गीतों का आनंद लेते रहे।

**प्रमुख सहयोग प्रदाता की रही भागीदारी**

इस आयोजन को सफल बनाने चातुर्मास समिति के पदम बरडिया, कांतिलाल बोथरा, अमृत लोढ़ा, संजय लोढ़ा, धर्मचंद लूनिया, ज्ञानचंद कोठारी, विनोद गोलछा, मनीष बोथरा के अलावा मूर्ति पूजक संघ दुर्ग जिन कुशल दादाबाड़ी ट्रस्ट मालवीय नगर ऋषभदेव जैन सितंबर मंदिर एवं दादाबाड़ी ट्रस्ट ऋषभ नगर के सभी सदस्य इस आयोजन में प्रमुख सहयोग प्रदाता थे।

**पहली बार किया गया बड़ा आयोजन**

आयोजन में 504 जोड़ों ने दादा गुरुदेव के इस पूजन में हिस्सा लिया। यह जोड़ी पति-पत्नी के रूप में भाई-बहन के रूप में बहन-बहन के रूप में भाई भाई के रुप में इस आयोजन में हिस्सा बने। एक साथ 500 से अधिक जोड़े महिला वर्ग घाघरा ओढ़ना में तो पुरुष वर्ग पूजा का पारंपरिक परिधान धोती चोल दुपट्टा में इस आयोजन के आकर्षण का केंद्र थे। सभी 500 से अधिक जोड़ों के पास दादा गुरुदेव की प्रतिमा तथा यज्ञ अनुष्ठान के लिए सामग्री साथ में वितरित की गई थी, ऐसा जब अनुष्ठान का ऐसा आध्यात्मिक वातावरण जैन समाज में पहली बार देखने को मिला कि, इतने सारे लोग एक साथ एक परिधान में जैन धर्म गुरु की पूजा अर्चना करते नजर आए।

# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### पॉल श्रेडर ने फिल्म 'जोकर 2' को लेकर किया बड़ा खुलासा



हॉलीवुड अमेरिकी पटकथा लेखक, फिल्म निर्देशक और फिल्म समीक्षक हैं पॉल जोसेफ श्रेडर। पॉल को फिल्म जोकर फोली ए ड्यूक्स कुछ खास पसंद नहीं आई। फिल्म को लेकर पॉल ने कई बातों का खुलासा किया। हॉलीवुड अमेरिकी पटकथा लेखक और फिल्म निर्देशक पॉल जोसेफ श्रेडर ने साल 2029 में आई जोकर और जोकर 2 को लेकर कई बातों से पर्दा उठाया है। उन्होंने पूरी फिल्म जोकर देखने की बजाय पॉल ने शॉपिंग का मन बनाया और फिल्म छोड़कर कुछ खरीदने के लिए थिएटर से बाहर चले गए। इसके अलावा जोकर 2 का संगीत उन्हें कुछ खास पसंद नहीं आया।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म निर्माता और पटकथा लेखक पॉल ने बताया कि वह 2019 में रिलीज हुई फिल्म जोकर को देखने गए थे। पॉल ने कहा, ₹मैंने इसका लगभग 10 या 15 मिनट का भाग देखा। फिर मैं वहां से चला गया, कुछ शॉपिंग की, वापस सिनेमाघर गया और 10 मिनट फिल्म और देखी। बस इतना ही काफी था।₹

श्रेडर ने जोकर 2 अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें इस फिल्म का संगीत बिलकुल पसंद नहीं आया, जब पॉल से इंटरव्यू में पूछा गया कि उन्हें क्यों लगा कि यह इतनी खराब फिल्म थी, तब पॉल ने कहा, ₹मुझे इनमें से कोई भी व्यक्ति पसंद नहीं आया। मैं उन्हें अभिनेता के रूप में पसंद नहीं करता। मैं उन्हें किरदार के रूप में पसंद नहीं करता। मेरा मतलब है, ये ऐसे लोग हैं जो अगर आपके घर आ जाएं, तो आप पीछे के दरवाजे से निकल जाएंगे।₹

4 अक्टूबर को प्रीमियर के बाद बॉक्स ऑफिस पर अपने दूसरे वीकेंड में जोकर 2 कुछ खास रंग नहीं जमा पा रही है।

## टॉलीवुड

### 'सूर्या 45' का ऐलान, आरजे बालाजी अब संभालेंगे निर्देशन की कमान



कॉमेडियन से फिल्म निर्माता बने आरजे बालाजी तमिल स्टार सूर्या की 45वीं फिल्म का निर्देशन करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। फिल्म का अस्थायी नाम 'सूर्या 45' है। कॉमेडियन से फिल्म निर्माता बने आरजे बालाजी तमिल स्टार सूर्या की 45वीं फिल्म का निर्देशन करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। फिल्म का अस्थायी नाम 'सूर्या 45' है। निर्माता ने पोस्टर का अनावरण कर इसकी आधिकारिक घोषणा की। ड्रीम वॉरियर पिक्चर्स द्वारा निर्मित यह फिल्म, कंपनी के इतिहास में सबसे महंगी प्रोडक्शन बनने जा रही है।ॉ आरजे बालाजी को 'मुकुथी अम्मन' और 'वीटला विशेषम' पर अपने काम के लिए जाने जाते हैं। 'सूर्या 45' की बात करें तो फिल्म अभी प्री-प्रोडक्शन चरण में है। इसे एक एक्शन-एडवेंचर के रूप में वर्णित किया गया है। बालाजी एक साल से अधिक समय से स्क्रिप्ट विकसित कर रहे हैं और फिल्म की शूटिंग लिए स्थानों को अंतिम रूप दे रहे हैं। 'सूर्या 45' के लिए संगीत अकादमी पुरस्कार विजेता एआर रहमान द्वारा तैयार किया जाएगा, जो पहले अभिनेता सूर्या के साथ 'सिलुनु ओरु काधल' और 'आयुध एझुथु' जैसी फिल्मों में काम कर चुके हैं। अभिनेता-संगीतकार की इस जोड़ी का लक्ष्य अपने पिछले उद्यमों की संगीतमय सफलता को फिर से बनाना है। फिल्म का निर्माण नवंबर 2024 में शुरू होने वाला है, जिसे 2025 की दूसरी छमाही में रिलीज करने की योजना है। टीम कथित तौर पर फिल्म के लिए एक हाई-प्रोफाइल कास्ट और क्रू को साथ लाने पर काम कर रही है।

## भोजपुरी

### निरहुआ और आलम की जोड़ी बनाएगी 'बलमा बड़ा नादान'



आलम ब्रदर्स प्रोडक्शन के बैनर तले बन रही दिनेश लाल यादव निरहुआ की भोजपुरी फिल्म "बलमा बड़ा नादान" की शूटिंग उत्तर प्रदेश कुशीनगर में महमूद आलम के निर्देशन में चल रही रही है। दुनिया भर में लोकप्रिय पर्यटन स्थल है कुशीनगर में बौद्ध तीर्थयात्रियों के लिए एक महत्वपूर्ण स्थान रहा है। कुशीनगर के अहिरौली दान,तरयासुजान थाना, तमकुहीराज के लोकेशन में शूटिंग हो रही है। फिल्म के निर्देशक महमूद आलम ने बताया,यह फिल्म "बलमा बड़ा नादान" पूरी तरह फैमिली पारिवारिक फिल्म है,यह पारिवारिक फ़िल्म आम दर्शकों को ध्यान में रखकर बनाई जा रही है। दिनेश लाल यादव निरहुआ और ऋचा दीक्षित की जोड़ी भोजपुरिया दर्शकों को बहुत पसंद आएगी। फिल्म में एक से बढ़कर एक गाने है जिस का संगीत मधुकर आनंद ने तैयार किया है। दिनेश लाल यादव निरहुआ ने बताया, फिल्म निर्देशक महमूद आलम की फिल्म "बलमा बड़ा नादान" कर के मुझे बहुत अच्छा लगा महमूद आलम एक अच्छे निर्देशक के साथ - साथ एक अच्छे इंसान है। आज कल ज्यादातर फिल्म पारिवारिक बन रही है और ये फिल्म भी पारिवारिक है। जो सभी दर्शकों को पसंद आएगी। फिल्म में निर्माता-निर्देशक महमूद आलम ,लेखक एस के चौहान व महमूद आलम ,संगीत-मधुकर आनंद , छायांकन सुनील अहीर ,डांस मास्टर कानू मुखर्जी और प्रचारक संजय भूषण पटियाला है।

## खादी की धूम

मशहूर डिजाइनर चारू पाराशर की फैशन डिजाइनिंग में भारतीयता का पुट रहता है। पिछले दिनों चारू ने पेरिस में अपने फैशन शो के साथ पदार्पण किया। यह उनका पहला फैशन शो था। इस शो के लिए चारू ने खादी सिल्क के साथ मॉडल को उतारा, जिसे खूब तारीफ मिली। इससे खादी की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जबरदस्त ब्रांडिंग हुई।




## अगर आपकी स्किन है ऑयली तो न करें ये काम



समर सीजन में स्किन की सबस ज्यादा केयर करनी पड़ती है। दरअसल, इस सीजन में धूप की वजह से पसीना आता है और पसीने की वजह से स्किन से जुड़ी समस्या शुरू हो जाती है। वहीं जिन लोगों की स्किन ऑयली है उन्हें सबसे ज्यादा इस मौसम में अपनी स्किन की केयर करनी पड़ती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इस मौसम में ऑयली स्किन होने के कारण और पसीने की वजह से दाने और मुहांसों की समस्या पैदा हो जाती है। ऐसे में जरुरी है इस मौसम में स्किन की केयर करना ताकि स्किन से जुड़ी कोई भी समस्या पैदा न हो साथ ही स्किन को कोई नुकसान न हो। इस आर्टिकल में हम ऑयली स्किन वाले लोगों को कुछ जरुरी बातें बताने जा रहे हैं जो ऑयली स्किन वाले लोगों को समर सीजन में नहीं करनी चाहिए।

### सनस्क्रीन का करें इस्तेमाल

कई महिलाएं चिपचिपी त्वचा होने की वजह से सनस्क्रीन का इस्तेमाल नहीं करती हैं लेकिन ऐसा करना गलत है। समर सीजन में सनस्क्रीन का जरुर इस्तेमाल करें ताकि धूप की वजह से स्किन को होने नुकसान को बचाया जा सकें।वहीं आपकी स्किन के लिए किस तरह कासनस्क्रीनसही रहेगा इसके लिए आप डॉक्टर या एक्सपर्ट की मदद ले सकती हैं।

### चेहरे को करें मॉइस्चराइज

ऑयली स्किन वाली महिलाएं समर सीजन में मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल नहीं करती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि उनकी शिकायत रहती हैं कि मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करने से चेहरा चिपचिपा होने लगता है लेकिन ऐसा नहीं करना चाहिए। मौसम कोई भी स्किन को जरूर मॉइस्चराइज करें। वहीं आपकी स्किन के लिए किस तरह का मॉइस्चराइजर सही रहेगा इसके लिए आप किसी डॉक्टर या एक्सपर्ट से टिप्स ले सकती हैं।


## फ्लोरल प्रिंट के आउटफिट हैं चलन में खरीदने से पहले देखें इन लुक्स को




इस बदलते मौसम में ज्यादातर लोग अपने लुक को लेकर काफी चिंतित रहते हैं, क्योंकि ये ऐसा मौसम होता है, जिसमें अगर सही कपड़ों का चुनाव न किया जाए तो आपके कपड़े ही आपको परेशान कर सकते हैं। जिस तरह से हम सर्दी के मौसम में कुछ भी पहनकर अपना जलवा बिखेरते रहते हैं, वैसा इस उमस भरी गर्मी के मौसम में चाहकर भी नहीं कर सकते। दरअसल, अभी ठंड का मौसम पूरी तरह आया नहीं है और बारिश गई नहीं है। ऐसे में गर्मी बरकरार है।



ऐसे में अपने कलेक्शन में फ्लोरल प्रिंट के आउटफिट को शामिल जरूर करें। फ्लोरल प्रिंट के आउटफिट ज्यादातर हल्के रंग से ही बने होते हैं, जो इस मौसम के लिए परफेक्ट रहते हैं। इन्हें खरीदने के लिए आपको ज्यादा रुपये खर्च करने की जरूरत नहीं पड़ेगी, क्योंकि ये ज्यादा महंगे नहीं आते।



**साड़ीः** साड़ी तो हर महिला का पसंदीदा परिधान होती है। ऐसे में आप चाहें तो अपने लिए ऐसी फ्लोरल प्रिंट की साड़ी खरीदें। अगर फ्लोरल प्रिंट की साड़ी शिफॉन प्रिंट में है तो ये आपको काफी आराम पहुंचाएगी। शिफॉन का साड़ी काफी हल्की होती है। ऐसे में आप आराम से इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

**अनारकली सूटः** अगर गर्मी के मौसम में कहीं कोई पार्टी अटैंड करनी है तो बिना देर किए इस तरह का फ्लोरल प्रिंट का अनारकली सूट अपने लिए तैयार कराएं। इस तरह का अनारकली सूट गर्मी में आपको अलग और खूबसूरत दिखने में मदद करेगा।


**मैक्सी ड्रेसः** बहुत सी लड़कियों को मैक्सी ड्रेस पहनना पसंद होता है। ऐसे में आप कियारा आडवाणी की जैसी खूबसूरत मैक्सी ड्रेस अपने कलेक्शन में शामिल कर सकती हैं। ये आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करेगी।

## हरे रंग की चूड़ियों के साथ कंगन सेट बढ़ाएंगे आपके हाथों की शोभा

हाथों के आकार के हिसाब से कंगन और चूड़ियों के डिजाइन को चुनना चाहिए। इसके लिए आप खुद भी कस्टमाइज करके अलग-अलग रंग चुन सकती हैं। किसी भी मौके पर सजने-सवरने के लिए हम कई चीजों की मदद लेते हैं। वहीं तीज-त्योहार के मौके पर हम सभी खूबसूरत दिखना चाहते हैं। ऐसे में वट सावित्री पूजा आने वाली है और इस मौके पर सुहागने अपने पति की लंबी आयु के लिए पूजा करती हैं तथा व्रत भी रखती हैं। इस मौके पर ट्रेडिशनल लुक में जान डालने के लिए चूड़ियां हम सभी पहनते हैं। इसमें ज्यादातर हरे रंग की चूड़ियों को पहनना पसंद किया जाता है। तो आइये देखते हैं हरे रंग की चूड़ियों के साथ कंगन के कुछ नए डिजाइंस। साथ ही, बताएंगे इन चूड़ियों और कंगन के सेट बनाने के आसान टिप्स-

### फैंसी कंगन के साथ हरी चूड़ियां

आजकल कई तरह के डिजाइन में आपको कंगन के सेट देखने को मिल जाएंगे। इसमें आजकल लटकन वाले मीनाकारी डिजाइन के हैवी कंगन को काफी ज्यादा पसंद किया जाने लगा है। इस तरह के कंगन आप चूड़ियों के बीच में सिंगल-सिंगल भी पहन सकती हैं। आप चाहे तो इस तरह के कंगन में लटकन खुद कस्टमाइज करके भी लगवा सकती हैं।



### गोल्डन कंगन के साथ हरी चूड़ियां

गोल्डन कलर देखने में सबसे रॉयल लुक देने में मदद करता है। इसमें आप प्लेन चूड़ियों से लेकर अलग-अलग डिजाइन के कुंदन वर्क के कंगन को साथ में जोड़कर चूड़ियों का सेट बना सकती हैं। देखने में इस तरह के कंगन सेट आपके हाथों को काफी हैवी लुक देने में मदद करेगा।

## पैरों की खूबसूरती के लिए ही नहीं इसलिए भी जरूरी होता है पेडिक्योर

अक्सर लोग बदलते मौसम के साथ अपनी त्वचा का ध्यान रखना शुरू कर देते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे स्किन अच्छी रहती है। साथ ही, हम खूबसूरत नजर आते हैं। लेकिन पैरों की खूबसूरत भी उतनी ही जरूरी होती है, जितनी चेहरे की। इससे हमारे पैर हेल्दी रहते हैं। साथ ही, स्किन से जुड़ी प्रॉब्लम कम होती है। इसके ऐसे कई सारे फायदे हैं, जिसे जानकर आ भी पेडिक्योर करवाना शुरू कर देंगे। चलिए आपको बताते हैं, इन तरीकों के बारे में।



### पेडिक्योर से सही होती है डैमेज स्किन

अगर आपकी स्किन ज्यादा डेड नजर आ रही है। इसकी वजह से आपको फंगल इंफेक्शन हो रहा है, तो ऐसे में आप पेडिक्योर कराएं। इसे करवाने से आपके पैरों की डेड स्किन प्रॉब्लम कम हो जाएगी। साथ ही, अगर आपकी एडियां फट रही हैं या क्रेक आ रहे हैं, तो वो धीरे-धीरे कम हो जाएंगे। इसलिए भी आपको इसके जरूर करवाना चाहिए। इसके लिए आप फिश या नॉर्मल पेडिक्योर करा सकती हैं।

### पेडिक्योर से साफ हो जाते हैं नाखून

अगर आपको लगता है कि आपके पैरों के नाखूनों के पास गंदगी ज्यादा हो गई है, तो इसके लिए जरूरी है कि आप पेडिक्योर करवाएं। इसे करवाने से आपके पैर साफ हो जाएंगे। साथ ही आपके नाखूनों पर जमा एक्स्ट्रा मैल भी साफ हो जाएगा। साथ ही, उनकी लाइफ भी बढ़ जाएगी। सफाई करवाने से वो जल्दी नहीं टूटेंगे। इसके बाद आप इसमें नेल आर्ट करा सकती हैं।

## कार्नर न्यूज

### जाने-अंजाने ड्रेसिंग में होने वाली चूक से असर पड़ता है आपके लुक पर

## जानिए, ड्रेसिंग की उन गलतियों के बारे में जिनसे आप दिखते हैं ठिगने कद के

*हाइट कम होना कोई खराब बात नहीं है। लेकिन गलती करके ऐसी ड्रेसिंग करना जिससे हाइट कुछ ज्यादा ही कम लगे ये भी सही नहीं है। इसलिए जरूरी है कि आप अपनी ड्रेसिंग में वो खास गलतियां बाहर कर दें जो आपको जरूरत से ज्यादा छोटा दिखाती हैं। इन गलतियों को पहचान कर अपनी हाइट को ज्यादा दिखाया जा सकता है। इन गलतियों को पहचान लीजिए ताकि आपको अपना बेस्ट लुक मिल सके।*



### ओवरसाइज़ जैकेट

आपको हाइट को ज्यादा महसूस कराना हो तो ओवरसाइज़ जैकेट या दूसरे बैगी कपड़ों से भी दूरी बनानी होगी। बैगी और ढीले कपड़े कम हाइट का इल्यूजन देते हैं। इसमें पैर छोटे महसूस होते हैं।

### जींस की लंबाई

जींस की लंबाई कितनी है? हाइट को ठीक ठाक दिखाने के लिए ये जानना जरूरी है। अगर जींस के नीचे कुछ हिस्से की यूंहीं लेयर बन रही हैं तो आपको इसे तुरंत कटा लेना चाहिए। कटा नहीं सकते हैं तो इन्हें कम से कम एंकल तक फोल्ड कर लें। इसकी फिटिंग पर भी ध्यान दें।

### .हील वाले जूते

अगर आपकी स्टाइल में हील वाले जूते शामिल है तो आपको इन्हें ना कर देना चाहिए। इसके साथ हैवी सोल वाले जूते भी नहीं चलेंगे। आप सोच रहे होंगे हील वाले जूतों में क्या दिक्कत है? दिक्कत है। दरअसल इसमें आपके पैर छोटे दिखते हैं।



### भारी एसेसरीज

अगर आपको भारी एसेसरीज जैसे टाई और घड़ी पहनना पसंद है तो इनको भी लुक से निकाल दीजिए। आपको पतली टाई पहननी होगी, इसके साथ आपको पतले स्ट्रेप वाली घड़ी भी पहननी होगी।

### गलत लेयरिंग

लेयरिंग करना फैशन का हिस्सा है लेकिन इसे सही तरीके से किया गया हो तब ही अच्छा रहेगा। अगर लेयरिंग का हर कपडा अलग रंग का है तो मामला सही नहीं बैठेगा।